
दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 245 | जयपुर | बुधवार, 10 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के हेड कोच

### द्रविड़ की जगह लेंगे, 2027 तक रहेगा कार्यकाल; केकेआर को इसी साल आईपीएल जिताया



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बन गए हैं। बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। 42 साल के गंभीर ने द वॉल के नाम से मशहूर राहुल द्रविड़ की जगह ली है। द्रविड का कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो गया। गंभीर का कार्यकाल जुलाई 2027 तक रहेगा। गंभीर ने डेढ़ महीने पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल-2024 का चैंपियन बनाया था। वे इसी साल कोलकाता की फ्रेंचाइजी के मेंटॉर बने थे। इतना ही नहीं, गंभीर ने अपनी मेंटॉरशिप में लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार 2 सीजन के प्लेऑफ में पहुंचाया था।

**बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह का ट्वीट-**

शाह ने ट्वीटर पोस्ट में लिखा- मॉडर्न-डे क्रिकेट का विकास तेजी से हुआ है और गंभीर ने इसे बड़े करीब से देखा हैं। गौतम ने अपने करियर में कई कठिनाइयों को पार किया है। उन्होंने अलग-अलग रोल निभाया है। मुझे भरोसा है कि वे भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आइडियल पर्सन हैं। उनका क्लियर विजन, एक्सपीरियंस उन्हें भारतीय टीम की कोचिंग भूमिका को निभाने के लिए सक्षम बनाता है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, 5 की मौत : दिल्ली से आ रही बस को ट्रक ने टक्कर मारी, एक हिस्सा उड़ा; 11 गंभीर

**अमेठी।** अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। 60 लोगों से भरी प्राइवेट बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। 11 घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का एक हिस्सा उड़ गया। हादसा सोमवार रात करीब 2 बजे शुक्ल बाजार थाने के पास हुआ। बस दिल्ली से बिहार के सीवान जा रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सीओ अतुल सिंह ने कहा- रात 2.30 बजे हादसा हुआ। 4 की मौके पर मौत हो गई। एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 11 घायलों में 2 गंभीर है। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर भीषण जाम लग गया। रात में क्रेन बुलाकर बस को रास्ते से हटाया गया।

**खड़े ट्रक को बस ने मारी टक्कर**

पुलिस के मुताबिक, एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 68 .8 के पास ट्रक खड़ा था। तेज रफ्तार बस ने उसे एक तरफ से टक्कर मारी। इससे बस का एक तरफा का हिस्सा अलग हो गया। हादसे के बाद ट्रक लेकर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी से ट्रक का पता लगा रही है। फिलहाल, अभी तक ट्रक का पता नहीं चला है। हादसे में मृतकों की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि 2 गंभीर घायलों में सीवान के केरवा निवासी अमरेश (26) पुत्र परशुराम और अखिलेश कुमार (36) पुत्र छोटेलाल हैं। दोनों का जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामूली रूप से घायल यात्रियों को दूसरी बस से सीवान के लिए रवाना कर दिया है।

## करीब 20 साल बाद केन्द्र से पहले आएगा प्रदेश का बजट

# वित्त मंत्री दीया कुमारी आज पेश करेंगी बजट

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले-इस सरकार में कंफ्यूज़न की स्थिति, मजबूरी मे पहले ला रहे बजट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट आज पेश होगा। वित्त मंत्री दीया कुमारी सदन में सुबह 11 बजे बजट पेश करेंगी। लेकिन करीब 20 साल बाद यह पहला मौका है, जब केन्द्र सरकार से पहले राज्य का बजट पेश हो रहा है।

हमेशा केन्द्र सरकार के बाद ही राज्य का बजट पेश होता आया है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कहना है कि इस बजट में यह नई चीज हो रही है। उन्होंने कहा कि यह कंफ्यूजन की स्थिति सरकार द्वारा लाई गई है।

इस सरकार में कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन है। ये जो लेखानुदान लेकर आए थे। वो जुलाई में खत्म हो रहा है। इसलिए केन्द्र सरकार से पहले बजट पेश करना इनकी मजबूरी बन गई है। जबकि राज्यों का बजट तो केन्द्र सरकार पर ही निर्भर करता है। यह सरकार तो पूरी तरह से केन्द्र सरकार पर निर्भर हैं। मुख्यमंत्री बार-बार दिल्ली गए हैं। अलग-अलग नेताओं को बुके देकर आए हैं। अब देखना है, केन्द्र से राज्य को कितना सहयोग मिलता हैं।

**करीब 20 साल से केन्द्र के बाद आया है राज्य का बजट**

आकड़ों पर नज़र डाले तो साल 2004 से लगातार राज्य का बजट केन्द्र सरकार के बाद ही पेश हुआ हैं।

इसकी वज़ह रही है कि केन्द्र द्वारा होने वाले करों के भुगतान के अनुसार राज्य सरकार अपना बजट तैयार करती हैं। वहीं जीएसटी लागू होने के बाद तो



राज्य पूरी तरह से केन्द्र पर निर्भर हो गए है। जीएसटी कलेक्शन पूरी तरह से केन्द्र सरकार के खाते में जाता हैं। जिसका पुर्नभुगतान केन्द्र द्वारा राज्यों को किया जाता हैं। ऐसे में केन्द्र के बजट में राज्यों को सालभर में दी जाने वाली राशि का अनुमान होता हैं। उसी अनुसार राज्य अपना बजट बनाते हैं।

## सत्येंद्र जैन को बड़ा झटका, जमानत अर्जी खारिज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येन्द्र जैन की अंतिम जमानत याचिका खारिज कर दी। जैन ने खराब स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि वह जेल में बंद पूर्व आप मंत्री की जमानत याचिका पर पहले फैसला करे। 28 मई को हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा और मामले पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। इस बीच, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शहर में सीसीटीवी लगाने से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ जांच की सिफारिश को मंजूरी दे दी।

## गहलोत सरकार में डीजीपी रहे लाठर बने मुख्य सूचना आयुक्त

### राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त सहित 3 को दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गहलोत सरकार में दो साल से भी ज्यादा समय तक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और करीब एक साल से सूचना आयुक्त के पद पर काम कर रहे एमएल लाठर राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त बन गए हैं। मंगलवार शाम राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें शपथ दिलाई। इसके अलावा पूर्व आईएएस अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, महेंद्र पारख और विधि सेवाओं से रिटायर अधिकारी टीकाराम शर्मा ने भी आज सूचना आयुक्त के पद की शपथ ली। सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी भाषा में शपथ ली। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मौजूद रहे। इन चारों पदों के लिए 125 से ज्यादा आवेदन राज्य सरकार को मिले थे। इनमें मुख्य सूचना आयुक्त के लिए एमएल लाठर समेत एक दर्जन से अधिक आवेदन आए थे। स्क्रूटनी के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति ने राज्यपाल को सिफारिश की थी। नियुक्ति समिति में विधि मंत्री जोगाराम पटेल और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी सदस्य हैं। चार दिन पहले राज्यपाल ने इन चारों के नियुक्ति आदेश जारी किए थे।

## पुतिन ने मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया

### पीएम की रूसी राष्ट्रपति को सलाह- युद्ध के मैदान से शांति का रास्ता नहीं निकलता, वार्ता जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रूस ने मंगलवार, 9 जुलाई को मॉस्को में पीएम नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से नवाजा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद उन्हें सम्मानित किया।

इससे पहले मोदी दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति पुतिन के साथ शिखर वार्ता में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा, %एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि जंग के मैदान से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है। समाधान के लिए वार्ता जरूरी है। पीएम की इस बात के जवाब में पुतिन ने कहा, आप यूक्रेन संकट का जो हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं हम उसके लिए आपके आभारी हैं। पीएम ने बातचीत के दौरान आतंकवाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि आतंकवाद हर देश के लिए खतरा बना हुआ है। पिछले 40-50 साल से भारत आतंकवाद का सामना कर रहा है। इसलिए मॉस्को में हुए आतंकी हमले का दर्द समझ सकता हूं। मैं हर तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करता हूं। शांति की बहाली में भारत हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है। शांति के लिए मेरे मित्र पुतिन की



बातों को सुनकर मुझे बहुत खुशी है। मैं विश्व समुदाय को आश्वत करना चाहता हूं कि भारत शांति का पक्षधर है। चाहे युद्ध हो, संघर्ष हो, आतंकवादी हमले हों, जब जान का नुकसान होता है तो मानवता में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को दुख होता है। जब मासूम बच्चों की हत्या होती है, जब हम मासूम बच्चों को मरते देखते हैं तो दिल दहल जाता है। वह दर्द बहुत बड़ा है। इस पर मैंने पुतिन से विस्तृत चर्चा भी की।

**रूसी न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के हब में मोदी**

मोदी मॉस्को में ऑल रशियन एग्जीबिशन सेंटर पहुंचे जहां उन्होंने एटम पवेलियन का दौरा किया। इसे न्यूक्लियर एनर्जी का हब माना जाता है। मोदी ने इस दौरान रूस की परमाणु पनडुब्बी का मॉडल देखा।

**भारतवंशियों से मोदी की बातें...**

60 साल के इतिहास में भारत में कोई सरकार तीसरी बार चुनी जाए, ये बड़ी बात है। इस चुनाव में सारे कैमरा मोदी पर लगे रहे । इससे दूसरी घटनाओं पर लोगों का ध्यान नहीं गया। सिक्किम, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा और अरूणाचल प्रदेश में चुनाव हुए उनमें एनडीए गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की। उड़ीसा ने तो कमाल कर दिया। वहां आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा है। मैं उड़ीया स्कार्फ पहन कर आपके सामने आया हूं। भारत-रूस के रिश्ते अमर प्रेम की कहानी है। ये दिनों दिन बढ़ती रहेगी, सपनों को संकल्प में बदलती रहेगी।






सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

### नगरीय विकास मंत्री ने ली जेडीए की समीक्षा बैठक

# सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर आमजन के लिए विकसित करें नई योजनाएं, जयपुर के सर्वांगीण विकास को दें गति : झाबर सिंह खर्रा

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर, (का.स.)।** नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को जेडीए के मंथन सभागर में जेडीए की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। माननीय यूडीएच मंत्री ने अधिकारियों को सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाकर आमजन के लिए नई योजनाएं सृजित करने एवं नीलामी से जयपुर के सर्वांगीण विकास को गति देने के निर्देष दिये। बैठक में माननीय उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, विधायक गोपाल शर्मा, नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत, जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल सहित जेडीए के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने लैण्ड फॉर लैण्ड के प्रकरणों, भूमि सेटलमेंट के प्रकरणों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रकरणों के बारे में सभी जोन उपायुक्तों से विस्तृत जानकारी ली। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पानी भराव की समस्या के संबंध में अधिकारियों को समाधान के लिए कहा एवं अपने विधानसभा क्षेत्र की अनियमितत कॉलोनियों की कार्ययोजना बनाकर नियमन की कार्यवाही हेतु निर्देष दिये। विधायक कालीचरण सराफ ने लालकोठी योजना में कॉलोनियों के नियमन की कार्यवाही करने के लिए कहा।सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा ने सड़कों पर पानी भराव की समस्या एवं अतिक्रमण के संबंध में अपने सुझाव दिये। विधायक गोपाल शर्मा ने जयपुर शहर में अतिक्रमण एवं जयपुर के सौंदर्यीकरण के संबंध में चर्चा की। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि जेडीए द्वारा विशेषज्ञ कंपनी द्वारा जयपुर शहर का मास्टर ड्रेनेज प्लान बनाया जायेगा। जिस पर जेडीए द्वारा कार्यवाही की जा रही है। नगरीय विकास मंत्री ने सभी जोन उपायुक्तों को एक सप्ताह में अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर सरकारी भूमि पर हुए स्थाई-अस्थाई अतिक्रमणों को चिन्हित कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देष दिये। जेडीसी के निर्देषन में अस्थाई अतिक्रमणों को सतर्कता शाखा की सहायता से अभियान चलाकर हटवाने एवं स्थाई अतिक्रमणों पर कार्ययोजना के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देष दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने सडकों पर हुए अतिक्रमणों को भी चिन्हित करने के निर्देष दिये। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं प्रकरणों की प्रभावी पैरवी करने के निर्देष दिये। जेडीसी ने बताया कि नियमन से शेष रही योजनाओं के नियमन हेतु योजनाओं की संख्या जोन उपायुक्तों द्वारा संकलित की जा रही है। संकलित डाटा के अनुसार योजनाओं के नियमन हेतु कार्ययोजना बनाई जानी प्रस्तावित है। जिन योजनाओं का नियमन जेडीए स्तर पर संभव है, उनका नियमन शीघ्र किया जायेगा एवं जिन योजनाओं में राज्य सरकार से मार्गदर्षन प्राप्त किया जाना है। उन योजनाओं की सूची राज्य सरकार को भेजी जायेंगी। नगरीय विकास मंत्री ने लैण्ड फॉर लैण्ड के प्रकरणों में अवाप्तषुदा भूमि के समतुल्य मूल्य के आधार पर ही भूमि के बदले भूमि दिये जाने के निर्देष दिये। उन्होंने जोन उपायुक्तों को अपने-अपने जोन की समस्त पेंडेंसी आगामी 15 दिवस में शून्य करने के निर्देष दिये। जिन लंबित प्रकरणों पर निर्णय उच्च स्तर से लिया जाना प्रस्तावित है, को उच्च अधिकारियों को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। यूडीएच मंत्री ने बताया कि मंगलवार को आयोजित बैठक में रखे गये सभी प्रकरणों की पुन: समीक्षा हेतु 27 जुलाई, 2024 को बैठक आयोजित की जायेगी।

## पुराने सिक्कों-पैसों को करोड़ों में खरीदने का झांसा देकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी ने परिवादी से ठगे थे 3.58 लाख रुपए



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/दौसा।** दौसा जिले में बैजूपाड़ा थाना निवासी एक बुजुर्ग को पुराने सिक्के करोड़ों में खरीदने का झांसा देकर 3 लाख 58 हजार रुपए की ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस की टीम ने आरोपी जाहिद मेव (24) निवासी गोलकी थाना सीकरी (जिला डीग) को गिरफ्तार किया है। आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि गांव नांगल लोटवाड़ा थाना बैजूपाड़ा निवासी परिवादी रमेश चंद शर्मा (61) ने मामला दर्ज करवाया था कि 8 अक्टूबर 2023 को इंडियन आर्मी ओल्ड कॉइन कंपनी के नाम से उसके व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज आया कि हम पुराने सिक्कों का व्यापार करते हैं। इस पर उसने अपने पास रखे पुराने सिक्कों की फोटो भेजी, जिनकी कीमत उन्होंने एक करोड़ 77 लाख रुपए बताई। इसके बाद अलग-अलग मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप व कॉल से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन फीस, इनकम टैक्स, पुलिस द्वारा गाड़ी पकड़ने का बहाना बनाकर कुल 3,57,540 अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक पुलिस गठित की और तकनीकी आधार पर आरोपी जाहिद मेव को डीग जिले के नगर थाना क्षेत्र से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। जिसे मंगलवार को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि ठग फेसबुक व व्हाट्सएप पर पुराने सिक्के खरीदने का ऐड देते हैं। जिनके पास पुराने सिक्के होते हैं, स्वयं ही उनसे संपर्क करते हैं। पुराने सिक्कों का मूल्य करोड़ों में बताकर लालच दिया जाता है। जाल में फंस गए व्यक्ति को पुराने सिक्को या पैसों के बदले की रकम गाड़ी से पार्सल करने को बताया जाता हैं। इसके बाद जीएसटी, आरटीओ टैक्स, इनकम टैक्स, गाड़ी खराब होने, पुलिस द्वारा पकड़ लेने व अन्य बहाने बनाकर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं।

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में शैडो कमेटी की बैठक का आयोजन

## पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की जनहित की योजनाओं को प्रदेश की पर्ची वाली सरकार ने बंद कर दिया : जूली

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में शैडो कमेटी की एक बैठक का आयोजन हुआ। जूली ने बैठक में कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की जनहित की योजनाओं को प्रदेश की पर्ची वाली सरकार ने बंद कर दिया है।उन्होंने कहा कि विपक्ष ने सत्तापक्ष सरकार की घेराबंदी करने के लिए शैडो कैबिनेट की बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सीएम भजनलाल शर्मा के मंत्रियों के महकमे के साथ सरकार की ओर से लिये जाने वाले फैसलों की बारीकी से पड़ताल करेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए नए और ऊर्जावान विधायकों के साथ विशेष अनुभव रखने वाले विधायकों के बीच महकमों का बंटवारा किया गया।

जूली बोले गहलोत सरकार की प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं को बंद किये जाने से आहत विपक्ष अब सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक मोर्चा खोलेगा। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार के हर फैसले पर विपक्ष की पैनी निगाह रखने के लिए शैडो कमेटी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जनहित के खिलाफ सरकार कोई भी कदम उठायेगी तो उसका विपक्ष पुरजोर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार ने गहलोत सरकार की कई योजनाओं को बन्द कर दिया और विभिन्न योजनाओं पर तलवार लटकाने का काम कर रही है।इनमें 17 नए बनाए गए जिले, अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी स्कूल, नए खोले गए कॉलेज, आवास से जुड़े पट्टों के मामले, चिरंजीवी योजना,अन्नपूर्णा किट और स्मार्ट फोन जैसी कई योजनाएं हैं जो भजनलाल सरकार को को रास नहीं आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार बनते ही सबसे पहला प्रहार प्रदेश के भविष्य युवाओं के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी युवा मित्रों और महात्मा गांधी प्रेरकों की सेवायें समाप्त करने के फैसलों से पूरे प्रदेश के युवाओं में आक्रोश है।

ऐसे में शैडो कैबिनेट बनाकर हम सरकार के हर फैसले की बारीकी से पड़ताल करेंगे ताकि सरकार की मनमर्जी पर विपक्ष का दबाव बना रहे। जूली बोले ब्रिटेन में शैडो कैबिनेट सियासत का एक सफल प्रयोग रहा जो सत्तापक्ष पर न केवल विपक्ष का अंकुश रखता है बल्कि सरकारों की मनमर्जी को भी रोक पाने में कामयाब है। उन्होंने कहा शैडो समिति सत्तापक्ष के खिलाफ धारदार रवैया अपना कर जनहित के मुद्दों को मुखर करेगी। शैडो कमेटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा, शांति धारीवाल,सचिन पायलट,हरीश चौधरी सहित कांग्रेस पार्टी के सभी विधायक मौजूद रहे।

**पूर्व सीएम गहलोत से मिलने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जूली :** पिछले कई दिनों से स्वास्थ्य में गिरावट के चलते पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने निवास पर ही उपचार के साथ आराम कर रहे हैं। आज शैडो कमेटी की बैठक से पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा उनसे मिलने उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने पूर्व सीएम गहलोत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## नशे के लिए नकबजनी और चोरी की वारदात करने वाले चढे पुलिस के हत्थे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना पुलिस ने नकबजनी और चोरी की वारदात करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को धर-दबोचा है और साथ ही उनके पास से चोरी के किए गए माल को भी जब्त किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित नशा करने के आदि है और नशा पूर्ति के लिए चिन्हित की गई जगह पर वारदात को अंजाम देते है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदात को खुलासा किया है,जिसमें चालान पेश होने के बाद 13 माह जेल में रहकर दोबारा वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। पुलिस की पूछताछ की जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम )अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने नकबजनी और चोरी की वारदात करने वाले नीरज पासवान उर्फ माईकल,गणेश सैनी और विकास सोनी को गिरफ्तार किया है और तीनों ही बैनाड हरमाड़ा के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर प्रथम (का.स.)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है।

गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, ससुर-बहू की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के हरसौरा थाना इलाके में मंगलवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में ससुर-बहू की मौत हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि ससुर अपनी बहू को बीएड की परीक्षा दिलवाने ले जा रहे था। इस दौरान घर से कुछ दूरी पर स्थित अलवर-बहरोड़ स्टेट हाईवे (52) पर बानसूर के हरसौरा में हादसा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर दोनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। व हीं इस हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। हरसौरा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि थाना इलाके के गांव माजरा अहीर के स्टेट हाईवे-52 पर मंगलवार सुबह छह बजे सुबह यह हादसा हुआ था। जहां माजरा गांव निवासी सुभाष यादव (48) अपनी बहू पूजा (23) पति मुनेश यादव को बीएड फाइनल की परीक्षा दिलाने बहरोड़ के भिटेड़ा गांव जा रहे थे। इस दौरान घर से निकलते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में सुभाष यादव और बहू पूजा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस सहित आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हरसौरा सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर दोनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नांगल खोडिया की पूजा यादव की शादी माजरा गांव निवासी मुनेश यादव से डेढ़ साल पहले ही हुई थी। उसके एक छह महीने का बच्चा है। पूजा बीएड फाइनल ईयर की परीक्षा दे रही थी। मुनेश यादव प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ खेती-बाड़ी करता है।

## पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा 13 जुलाई को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा शनिवार, 13 जुलाई 2024 को पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन होगा। भर्ती परीक्षा का आयोजन प्रात: 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक जयपुर शहर के 11 केंद्रों पर होगा। जिसमें कुल 2 हजार 506 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका संचालन 11 जुलाई से 13 जुलाई,2024 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्षा 11 जुलाई एवं 12 जुलाई को प्रात: 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं 13 जुलाई को प्रात: 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त परीक्षा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने छह साल से फरार इनामी तस्कर पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) टीम ने जोधपुर ग्रामीण जिले के थाना बालेसर में एनडीपीएस एक्ट के मामले में छह साल से वांछित पच्चीस हजार के इनामी तस्कर हंसराज मीना निवासी पनवासा थाना असनावर (जिला झालावाड़) हाल कोटा को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के झोटवाड़ा क्षेत्र से पकड़ा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) एवं (अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि जोधपुर ग्रामीण जिले के थाना बालेसर में दर्ज मादक पदार्थ तस्करी के मामले में छह साल से फरार चल रहा पच्चीस हजार का इनामी आरोपी हंसराज गुर्जर कोटा की तरफ से जयपुर आ रहा है। इस सूचना को टीम ने विकसित किया तो पाया कि फरारी के दौरान कोटा में रहकर आरोपी एक निजी ट्रेवल्स की बस का ड्राइवर है, जो मंगलवार को कोटा से जयपुर सवारी लेकर आएगा। इस पर टीम ने मंगलवार को जयपुर के झोटवाड़ा थाना इलाके से मंगलवार अल सुबह आरोपी हंसराज मीना को डिटेन कर झोटवाड़ा थाना पुलिस की निगरानी मे रख थाना बालेसर पुलिस को सूचित कर दिया गया है। बालेसर थाना पुलिस अपने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई करेगी। इस संपूर्ण कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, महावीर सिंह शेखावत व रविंद्र सिंह की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल कमल सिंह की तकनीकी भूमिका रही, वहीं हैड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, राकेश जाखड़ एवं कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार का सहयोग रहा।

## निकुंज शर्मा ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन में किया कीर्तिमान स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** महावीर पब्लिक स्कूल कक्षा 10 की छात्रा निकुंज शर्मा को उनके उत्कृष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन और (95 प्रतिशत अंक ) के लिए एनसीसी मुख्यालय में कैडेट वेलफेयर सोसायटी द्वारा 6 हजार रुपए की स्कॉलरशिप का चैक प्रदान किया गया। यह पुरस्कार एनसीसी के प्रतिभाशाली कैडेट को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। इस वर्ष 1 राज. एयर विंग के चार छात्रों को यह स्कॉलरशिप मिली है। छात्रा निकुंज शर्मा अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व एनसीसी 1 राज. एयरविंग की होनहार कैडेट भी है। उनकी इस सफलता के लिए विद्यालय की प्राचार्या सीमा जैन ने निकुंज शर्मा को बधाई देते हुए चैक प्रदान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# उत्साह के साथ स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना की दिशा में आगे बढ़ें युवा

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के लिए में विशेष जागरूकता शिविर में दी उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी

## लाभार्थी उद्यमियों ने साझा किए अनुभव, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, एलडीएम अमरसिंह व एपीआरओ मनीष कुमार ने किया युवाओं का उत्साहवर्धन

बढ़ता राजस्थान




**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, एलडीएम अमरसिंह व एपीआरओ मनीष कुमार ने युवाओं व स्वारोजगार एवं उद्यम की चाह रखने वाले अभ्यर्थियों का विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबन्धक अमरसिंह ने कहा कि युवा आगे बढ़ें और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति दें। सरकार की मंशा है कि युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन मिले तथा वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए स्वरोजगार व उद्यमों की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि आर्थिक सपनों को साकार करने के लिए व्यापार सर्वोत्तम सहारा है। व्यापार व व्यवसाय से व्यक्ति अपनी आय व आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को अधिक सक्षम स्तर तक पूरा कर सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं की जानकारी रखें तथा समुचित दस्तावेजीकरण के साथ उद्यम स्थापना हेतु की जाने औपचारिकताओं को पूरा करें। बैंक युवाओं के लिए अपेक्षित सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए संचालित डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना अनुसूचित जाति, जनजाति समुदाय के उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने उद्यमियों से ऋृण लेने व उद्यम विस्तार के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने अतिथियों एवं उद्यमियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक युवा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सहयोग से अपने सपनों को पंख देकर साकार करे। उद्यम क्षेत्र को बढ़ावा मिले और अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग सहित समस्त वर्गों के युवा आगे आएं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार व उद्यम स्थापना से युवा अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें विभागीय योजनाओं का समुचित लाभ लेना चाहिए। उद्योग महाप्रबंधक गहनोलिया ने डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के बारे में सम्पूर्ण जानकारी देते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। एपीआरओ मनीष कुमार ने युवाओं को अपना स्वयं का उद्यम लगाकर स्वयं को नियोजित करते हुए अन्य लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की बात कही।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी दशरथ कुमार सैन ने योजनान्तर्गत आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए मौके पर 13 आवेदन तैयार करवाए। सहायक आयुक्त उजाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान कृष्ण अग्रवाल, आदुसिंह, विकास, रोहित, महेश, दानवीर, सोनू कुमार, अनूपसिंह, सुरेश मेघवाल, गौतम रसगनिया, शंकरलाल रैगर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सुनील कुमार साहू को उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कस्बा निवासी सुनिल कुमार साहू को खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हाल ही में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने सम्मानित किया है। इससे पूर्व साहू को गत मई माह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी सम्मानित कर चुकी है। साहू ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 8 तथा राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में 2 गोल्ड, 2 सिल्वर तथा 1 ब्रॉन्ज मैडल जीता है। इसके अलावा हाल ही में साहू ने खेलो इंडिया पैरागेम में 100 मीटर में सिल्वर मेडल हांसिल किया है। साहू में इन मैडल और अपनी जीत का श्रेय अपनी माँ को दिया है। जिन्होंने दिन रात मेहनत मजदूरी करके उनको इस मुकाम पर पहुँचाया है।

# नेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनसीप इंडिया देवेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक किया अपने नाम, समाज के लोगों ने किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** रॉ पॉवर लिफ्टिंग इंडिया के द्वारा आयोजित नेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनसीप इंडिया का आयोजन झालरापाटन में हुआ, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से अलग अलग क्षेत्र से खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया। जिसमें चौमहला निवासी देवेंद्र कुमार मेघवाल (सीनियर वर्ग) में राजस्थान की और से प्रतिनिधित्व करते हुए, 190 किलो ग्राम भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं स्वर्ण पदक अपने नाम किया। देवेंद्र के पिताजी जगदीशचंद्र मेघवाल गंगधार तहसील में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत हैं, देवेंद्र ने पूर्व में भी राष्ट्रीय एवं राज्यीय स्तरीय पॉवर एवं वेट लिफ्टिंग में पदक हासिल कर अपने क्षेत्र, समाज एवं गंगधार तहसील का नाम रोशन किया। देवेंद्र की उपलब्धि से परिवार और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा।इसी क्रम में मेघवाल समाज के डग ब्लॉक अध्यक्ष आर सी वर्मा ने भी देवेंद्र की इस गोल्ड मेडल की उपलब्धि हासिल करने पर अपनी टीम के साथ उनके घर जाकर माल्यार्पण कर बधाई प्रेषित की।साथ ही देवेंद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समाज के लोगो ने बताया की देवेंद्र कुमार मेघवाल ने अपने माता पिता का ही नहीं अपितु पूरे झालावाड़ जिले का नाम रोशन किया है।

# डेंगू रोधी माह 12695 घरों का किया सर्वे

## लार्वा मिलने पर 39 मकान मालिकों को दिए नोटिस स्कूलों में विद्यार्थियों को बताए बचाव-रोकथाम के उपाय

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** मौसमी बीमारियों को लेकर चिकित्सा विभाग का जिले में लगातार डोर-टू-डोर सर्वे अभियान जारी है। एंटी डेंगू जुलाई माह और ''कामयाब कोटा बनाना है, डेंगू को हराना'' अभियान के तहत मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की 780 टीमों ने 12695 घरों का सर्वे किया। डेंगू, मलेरिया, चिगनुनिया आदि मच्छर जनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधियां की। इस दौरान लार्वा मिलने पर 39 मकान मालिकों को नोटिस देकर आगाह किया गया है। डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ. घनश्याम मीना ने बताया कि टीमों ने घरों के 22873 कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की। इनमे से लार्वा मिले 200 कंटेनरों को उपचारित किया। इनके अलावा 1595 कंटेनरों को खाली कराया। वहीं पानी से भरे 1222 कंटेनरों में टेमीफास एवं जल भराव वाले 1172 स्थानों पर लार्वा नाशक रसायन (एमएलओ) डाला गया। इस दौरान 211 लोगों की ब्लड स्लाईड भी ली गई। आमजन को बीमारियों से बचाव-रोकथाम संबंधी जागरूकता के पम्पलेट भी वितरित किए।

# मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान में बनी जल संरचनाएं साबित हो रही वरदान

## जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 अंतर्गत किए गए कार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 अंतर्गत जिले में किए गए कार्यों की उपयोगिता साबित हो रही है। बरसात होने से जल संरक्षण की दिशा में अभियान अंतर्गत निर्मित जल संरचनाएं पानी से लबालब होने लगी हैं। इस संरक्षित वर्षा जल का उपयोग आमजन अपनी दैनिक आवश्यकताओं में कर सकेंगे। जिले की भौगोलिक परिस्थितियों के मध्येनजर अभियान अंतर्गत निर्मित जल संरचनाएं आमजन के लिए उपयोगी साबित हो रही हैं। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने मंगलवार को जिले की सेहला, रतनसरा, जान्दवा ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सेहला के जगवाना जोहड़ में पक्का जोहड़ निर्माण, रतनसरा के सुरजाणा जोहड़ में पौधारोपण कार्य व पक्का जोहड़ निर्माण, तेजाणा जोहड़ में पक्का जोहड़ निर्माण एवं बिरसणा जोहड़ में सार्वजनिक कुण्ड निर्माण, रतनसरा के करणीसिंह पुत्रा मेघसिंह के खेत में टांका निर्माण तथा जांदवा में सार्वजनिक कुण्ड निर्माण व चोखाराम पुत्रा मालाराम के खेत में फार्म पॉण्ड निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी जल संरचानाओं में बरसात होने से पानी की आवक हुई है। पानी की आवक से ग्रामीण दैनिक जल आवश्यकताओं की पूति कर सकेंगे।

सीईओ खटनावलिया ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत चयनित कृषकों से जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण हेतु 10 प्रतिशत हिस्सा राशि जमा करवाने हेतु कृषकों को समझाइश के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित कृषक द्वारा हिस्सा राशि जमा नहीं करवाए जाने पर उनका नाम वरियता सूची से हटा दिया जाएगा तथा उनके स्थान पर नये कृषकों का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने मानसून सत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इस दौरान वाटरशेड एसई महेन्द्र सिंह सूरा, अधिशाषी अभियन्ता महेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता महेश अजाड़ीवाल, कनिष्ठ अभियन्ता सुशील, रतनसरा सरपंच विक्रमपाल थालोड़ व गिरधारीलाल खीचड़ उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल के स्वर्ण जयंती शुभारंभ पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह सम्पन्न

# समाज सेवा के क्षेत्र में ऐसी संस्थाएँ बहुत कम हैं, जो अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे करती है : राम नाथ कोविन्द



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा/नई दिल्ली।** महावीर इंटरनेशनल के स्वर्ण जयंती शुभारंभ पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह 7 जुलाई को मानेकशॉ सेंटर में सम्पन्न हुआ। महावीर इंटरनेशनल के मीडिया एवं पब्लिसिटी के निदेशक वीर समदरिया फतेह चंद ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो संस्थाएँ सेवा भाव से आगे बढ़ती है उनको किसी भी प्रकार की राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक परिस्थितियाँ प्रभावित नहीं कर पाती, ऐसी संस्थाओं का एक मात्र उद्देश्य मानव सेवा, समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देना ही होता है। महावीर इंटरनेशनल का पचास वर्षों का यह सफर अपने आप में एक अद्वितीय उपलब्धि है, उन्होंने संस्था के सभी वीर-वीराओं को बधाई प्रेषित की। संस्था की सेवा गतिविधियों एवं संगठन संरचना से प्रभावित होकर उन्होंने संस्था से जुड़ने का प्रस्ताव रखा, अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन ने संस्था की लेपल पिन लगाकर कोविंद को सदस्यता प्रदान की।

समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रेसिडेंट इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन एवं मेंबर सेंट्रल पोल्युशन कंट्रोल बोर्ड, भारत सरकार तथा डॉ. बलराम भार्गव, डायरेक्टर जनरल (से.नि.) ICMR थे। महावीर इंटरनेशनल की रीजनल सचिव सरोज ढेलावत ने बताया कि दीप प्रज्जवलन एवं प्रार्थना के बाद स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर केक का प्रस्तुतीकरण, महावीर इंटरनेशनल वर्चुअल सेंटर-'मिसरी' एवं स्वर्ण जयंती Logo का लोकार्पण कर शुभारंभ किया। अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन ने कार्यक्रम की थीम और विज़न साझा किया। निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की गरिमामय उपस्थिति में विशिष्ठ अतिथि डॉ. अशोक अग्रवाल तथा डॉ. बलराम भार्गव द्वारा संस्था द्वारा प्रकाशित एवं वीर सपन कुमार वर्धन द्वारा रचित बुक The essence within decoding the purpose of e&istence का विमोचन किया। विशिष्ट अतिथियों के द्वारा जयपुर फुट (बीएमवीएसएस), अनिला कोठारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान महावीर कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, जयपुर, अमोद कुमार कांथ, संस्थापक महासचिव प्रयास जेएसी सोसायटी एवं देवेन्द्र गुप्ता, संस्थापक लाडली फाउंडेशन को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# भूमाफियाओं ने जेसीबी से कब्जे की नियत से तोड़ डाले मकान, घटना में विधायक पुत्र का नाम भी आया सामने

## पुलिस ने जेसीबी जब्त कर चालक व एक अन्य व्यक्ति को किया अरेस्ट, घटना में विधायक पुत्र का नाम भी आया सामने

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी में लगातार भू माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। सरकारी भूमि के साथ जबरन भूमाफिया प्राइवेट लोगों की भूमि हथियाने में जुटे है। ऐसा ही एक मामला रामनगरिया थाना इलाके में सामने आया है। जहां पर आधा दर्जन से अधिक बदमाश दो कारों में सवार होकर जेसीबी के साथ एक कॉलोनी में पहुंचते और वहां पर बने तीन मकानों को तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां से भाग निकले। लेकिन पुलिस ने जेसीबी को जब्त कर चालक व एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे घटनाक्रम में एक विधायक पुत्र का नाम भी सामने आ रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल के अलावा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जमीन या भूखंडों पर अवैध रुप से कब्जा करवाने में पुलिस की मिलीभगत भी कई बार सामने आ चुकी है। पुलिस के अनुसार टोडाभीम गंगापुर सिटी निवासी भगवती लाल मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि 6 जुलाई को दो वाहनों में सवार होकर करीब 8-10 बदमाश बालाजी एनक्लेव प्रथम सिरोली पहुंचते है। उनके साथ एक जेसीबी भी थी। भूखंडों पर अवैध रुप से कब्जा करने की नियत से आरोपियों ने वहां पहुंचते ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक बदमाश अपना काम कर चुके थे और वहां से भाग निकले। पुलिस ने रास्ते से एक जेसीबी को जब्त कर उसके चालक व एक अन्य युवक को पकड़ लिया। पुलिस उनसे आरोपियों को लेकर जानकारी जुटा रही है। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि भगवती लाल ने नरेश मेघवंशी, इरशाद, धीरज मीणा, कजौड़ मीणा, बाबू लाल बागड़ा सहित अन्य लोगों के खिलाफ भूखंडों पर कब्जे की नियत से तोड़फोड़ कामामला दर्ज करवाया है।

RAJASTHAN HOUSING BOARD

No. :- ACE-I/RHB/JPR/2024-25/140 Dated :- 08/07/2024

NIB :- 02/2024-25

Bids for 1. Plantation & Maintenance work (5 years) of Plants various sector under Jurisdiction of RE - Division-III, Pratap Nagar, Jaipur 2. Plantation work at I.G. Nagar, Newai, Tonk, Kotputli & Nayla are invited from interested bidders from 11.07.2024 to 20.07.2024 up to 6:00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state & **http://urban.rajasthan.gov.in/rhb** department website.

**UBN No.: RHB2425WSOB00063, RHB2425WSOB00064**

Raj.Samwad/C/24/1992 Addl. Chief Engineer-I, Jaipur

JKK Jawahar Kala Kendra, Jaipur

जवाहर कला केन्द्र
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर
निविदा सूचना संख्या– 4078 / 2024–25
JKK GSTIN - 08AAAJJ0462D1ZM

NIB JKK2425A0011 UBN: JKK2425WSOB00010

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम एवं ग्राफिक चौक टॉयलेट में सीवर लाईन का कार्य |
| 2 | अनुमानित आय | रूपये 3.60 लाख |
| 3 | बिड सिक्युरिटी राशि (अतिरिक्त महानिदेशक, ज.क.के. के नाम डीडी) | रूपये 7,2 00/– |
| 4 | निविदा प्रपत्र शुल्क | रूपये 500/– |
| 5 | निविदा प्रपत्र बेचने की अन्तिम दिनांक | 16.07.24 प्रातः 11.00 बजे तक |
| 6 | निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने दिनांक | 16.07.24 दोपहर 2.00 बजे तक |
| 7 | दर निविदा खोलने की दिनांक | 16.07.24 दोपहर 3.00 बजे |
| 8 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 45 दिवस |

राज.संवाद/सी/24/1959 अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशासन)

# शहरवासियों ने गड़ गणेश से लेकर नाहरगढ़ की पहाड़ियों तक के जंगलों में साफ सफाई के लिए जनता को किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आर्ट ऑफ़ लिविंग 8 स्टेप स्टूडियो सी स्कीम जयपुर चैप्टर ने ट्रैकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम के तहत 150 से भी ज्यादा शहरवासियों ने गड़ गणेश से लेकर नाहरगढ़ की पहाड़ियों तक के जंगलों में साफ सफाई अभियान चलाया । कार्यक्रम के दौरान अंशुल भगतानी ने अपने भजनों से सभी का मन मोह लिया । आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक आशीष गुप्ता और स्वयंसेवक मानसी पारीक और समर गुर्जर ने बताया कि ट्रेकिंग के माध्यम से आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर परिवार ने जंगलों और पर्यावरण की सफाई के लिए जागरूकता फैलाई और संदेश दिया कि आमजन जंगलों में कचरा ना फैलाएं एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं । स्वयंसेवकों ने गुरुदेव रविशंकर की पहल के तहत संदेश दिया की सभी शहरवासी बारिश के दौरान अपने आसपास एक पौधा जरूर लगाए। गौरतलब है की आर्ट ऑफ लिविंग परिवार जयपुर द्वारा शहर को स्वस्थ और साफ रखने के लिए समय समय पर शिवर और जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं जिनका उद्देश्य न सिर्फ शहरवासियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बल्कि जयपुर शहर को साफ और स्वच्छ रखना भी है।

## सम्पादकीय

# डॉलर की कमजोरी और भारत की तैयारी

अमेरिका के कमजोर राजनीतिक और आर्थिक नेतृत्व के कारण आगे चलकर डॉलर की कीमत में निश्चित गिरावट आएगी। भारत को इसके असर से बचने के लिए कदम उठाने होंगे। नरेंद्र मोदी सरकार ने अगले दो वर्षों में भारत को 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने तथा 2029 के पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है। समस्या इन लक्ष्यों में नहीं बल्कि उस मानक में है जिसके जरिये इन्हें हासिल करना है और जिन पर आप नियंत्रण नहीं कर सकते। वह है डॉलर-रुपया विनिमय दर। सैद्धांतिक तौर पर अगर रुपया मजबूत हुआ तो हम तय अवधि से पहले भी पांच लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं लेकिन अगर इसका उलट हुआ तो हम लक्ष्य से दूर भी रह सकते हैं। मध्यम से दीर्घ अवधि में डॉलर में गिरावट की संभावना अधिक है बजाय कि उसकी मजबूती के। ऐसा उन दो बड़ी गलतियों के कारण हुआ जो 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद अमेरिकी सरकार (अमेरिकी फेडरल रिजर्व बोर्ड समेत) ने की थीं। वैश्विक वित्तीय संकट और बाद में कोविड के प्रभाव से निपटने के लिए जमकर नकदी छापी गई और सस्ता ऋण दिया गया।

यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद अमेरिका ने रूस को दंडित करने के लिए उसके डॉलर के भंडार को सीज करना आरंभ किया। तब से चीन और हाल के दिनों में भारत ने अधिक से अधिक सोना खरीदकर डॉलर भंडार पर निर्भरता कम करने का प्रयास किया है। अप्रैल में चीन के पास मौजूद ट्रेजरी शेयर उसके कुल 3.2 लाख करोड़ डॉलर के भंडार के एक चौथाई से भी कम था। वह बीते डेढ़ साल से हर महीने सोना खरीद रहा है। भारत ने इस वर्ष जनवरी से अप्रैल के बीच 24 टन सोना खरीदा जो 2023 के कुल 16 टन से बहुत अधिक है। अमेरिका की राजकोषीय स्थिति में गिरावट और वैश्विक वित्तीय प्रवाह और शेयरों से संबंधित नियमों के सम्मान की अमेरिकी इच्छाशक्ति में लोगों का भरोसा कम होना। भारत के लिए इसका मतलब है कि उसे अपना स्वर्ण भंडार बढ़ाना होगा और उसको कुल मुद्रा भंडार के 8.7 फीसदी से बढ़ाकर 12-15 फीसदी करना होगा।

षणमुगनाथन एन (संक्षेप में षण) की नई पुस्तक 'आरआईपी यूएसडी' में कहा गया है कि डॉलर की यह गिरावट इसी दशक में पूरी हो सकती है हालांकि ऐसा दावा नहीं किया जा सकता है। यह माना जा सकता है कि आखिरकार बाजार डॉलर पॉन्जी स्कीम से बाहर हो जाएंगे परंतु अल्पकालिक हित यह सुनिश्चित करेंगे कि वास्तविक पतन की तिथि का सटीक अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। षण मुक्त बाजार के समर्थक हैं। वह कहते हैं, 'सरकार द्वारा जारी कोई भी मुद्रा कुछ दशक से अधिक नहीं चलती।' वह भविष्यवाणी करते हैं कि अमेरिकी डॉलर की क्रय शक्ति कमजोर पड़ेगी जिससे न केवल एक तरह की मंदी आएगी बल्कि इसके साथ ही उच्च मुद्रास्फीति की स्थिति भी बनेगी। लेखक मानता है कि ऐसा कोई भी हल जिसे किसी तरह सोने का समर्थन नहीं हासिल हो वह अमेरिकी डॉलर के लिए मददगार नहीं होगा।

# 23 जुलाई आगामी बजट : फिर जागी सीनियर सिटीजन की उम्मीदें

**इनकम टैक्स क़ानून के अनुसार, सीनियर सिटिज़न्स को दो समूहों में बांटा गया है - सीनियर सिटिज़न्स और सुपर सीनियर सिटिज़न्स। इनमें से प्रत्येक समूह के लिए टैक्स सम्बन्धी क़ानून भी अलग-अलग हैं। सीनियर सिटिज़न्स यानी 60 से 80 साल की उम्र के लोगों के लिए 3 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ़ है। सुपर सीनियर सिटिज़न्स यानी 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ़ है। रिटायर्ड लोग चाहते हैं कि यह अंतर ख़त्म हो जाए क्योंकि कई लोगों के पास, पेंशन और इन्वेस्टमेंट को छोड़कर इनकम का कोई अन्य साधन नहीं है। उनका मानना है कि सबके लिए 5 लाख रुपये की छूट सीमा तय की जानी चाहिए ताकि सभी सीनियर सिटिज़न्स पर टैक्स का बोझ कम हो सके। मौजूदा टैक्स स्लैब के अनुसार, सीनियर सिटिज़न्स को अलग-अलग रेट के हिसाब से टैक्स देना पड़ता है।**

अशोक भाटिया




वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से सीनियर सिटीजंस को काफी उम्मीद हैं। वित्तमंत्री 23 जुलाई को लोकसभा में यूनियन बजट पेश करेंगी। इस साल 1 फरवरी को पेश बजट में वित्तमंत्री ने सीनियर सिटीजंस के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया था। इसलिए सीनियर सिटीजंस को आने वाले बजट से ज्यादा उम्मीदें हैं,ताकि उन्हें पता चल सके कि उनके बटुए में और ज्यादा पैसे आएंगे या नहीं। सीनियर सिटीजंस को उम्मीद है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर डिडक्शन बढ़ा सकती हैं। अभी 60 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम पर सालाना 50,000 रुपये डिडक्शन की इजाजत है। बुजुर्गों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में खासकर कोविड की महामारी के बाद हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी का प्रीमियम काफी बढ़ गया है। इसलिए सरकार को 50,000 रुपये के डिडक्शन को बढ़ाकर कम से कम एक लाख रुपये कर देना चाहिए। इससे उन पर टैक्स का बोझ घटेगा ।

सीनियर सिटिज़न्स पर महंगाई का ज्यादा असर पड़ता है। उनके इनकम के साधन सीमित और अक्सर निश्चित होने के कारण, बढ़ती महंगाई के कारण सीधे तौर पर उनकी खरीदने की ताकत कम हो सकती है। उनके पास महंगाई से लड़ने के लिए अपने इनकम को बढ़ाने का कोई तरीका नहीं भी हो सकता है। इसलिए, सरकार उन्हें अधिक से अधिक, महंगाई को मात देने वाले सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट ऑप्शंस देने के बारे में सोच सकती है। वर्तमान में, सीनियर सिटिज़न्स सेविंग्स स्कीम में 30 लाख रुपये तक इन्वेस्ट किया जा सकता है जिस पर 8.2 त्न प्रति वर्ष की दर से सुनिश्चित रिटर्न मिलता है। सरकार इस सीमा को बढ़ाने, ज्यादा रेट ऑफ़ रिटर्न देने और एक कम लॉक-इन फिक्स करने के बारे में सोचना चाहिए । इससे सीनियर सिटिज़न्स की खरीदने की ताकत बढ़ जाएगी और उन्हें बेहतर लिक्विडिटी मिल पाएगी।

कई सीनियर सिटीजन की मांग है कि उन्हें चालू ब्याज से 2 प्रतिशन अतिरिक्त ब्याज मिलना चाहिए । वैसे इस समय फ्डी ब्याज दरों की बात करें तो डीसीबी बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 8.6% का ब्याज मिल रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 7.9% का ब्याज दे रहा है। ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजन को अधिकतम 7.75 फीसदी का ब्याज दे रहे हैं। इसमें एसबीआई, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक आदि शामिल हैं। अगर सरकार 2 फीसदी तक ब्याज बढ़ता है तो सीनियर सिटीजन को मिलने वाला ब्याज 10 फीसदी तक जा सकता है। जिससे उनके बुढ़ापे की गाड़ी आसानी से चल सकती है । वसई पूर्व सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी आनंद बोंगिरवार के अनुसार सरकार वरिष्ठ नागरिको का बँक मे जमा पूँजी की पुरी राशी की सुरक्षा की गॅरटीकरें इसे 5 लाख की सीमा में लॉक अप न किया जाय । देश में चल रहे सभी विमान सेवा नागरिकों को 50% डिस्काउंट प्रदान किया जाये , विमान सरकारी हो यां गैर सरकारी इस समय पारिवारिक पेंशन के लिये 65 लाख लोग पेन्शन के लिये लगातार संघर्ष कर रहे है सभी वरिष्ठ नागरिक को पेन्शन प्रदान किया जाय क्योकि उन्होंने अपने जीवन काल मे बहुत ही कम पैसे मे गुजर किया था और महंगाई बढ़ने पर उनकी जमा पुंजी मे कमी हो गई हैं। इसी प्रकार सीनियर सिटीजन को दांतो की बीमारी के लिए इनकम टैक्स में कोई छूट नहीं मिलती। नकली दाँत बनवाने, और दांतों का इलाज करने की इनकम टैक्स में छूट दी जावे। दांतो के इलाज़ में एक बड़ी धनराशि ख़र्च होती है।मोदी सरकार ने चुनाव के पहले वायदा किया था कि 70 वर्ष से ऊपर के हर वर्ग के सीनियर सिटीजन को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा इस वायदे को इस बज़ट में मोहर लगाई जाय व उम्र सीमा घटा कर 70 से 60 वर्ष की जाय । कोविड से पहले तक सीनियर सिटीजन को ट्रेन टिकट पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट दी जाती थी लेकिन ये छूट कोविड के समय खत्म कर दी गई। कोविड का डर देश और दूनिया में खत्म होने के बाद भी सरकार ने इस छूट को फिर से शुरू नहीं किया है। अब सीनियर सिटीजन बजट में ट्रेन टिकट पर 50 फीसदी तक की छूट दिये जाने की डिमांड कर रहे हैं। वह उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार उन्हें ये छूट फिर से देना शुरू करेंगे।गौरतलब है कि आईआरसीटीसी सीनियर सिटीजन के लिए स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों की सभी केटेगरी में रियायती किराए ऑफर करता था। आईआरसीटीसी साल 2019 के अंत तक 60 साल से अधिक उम्र के सीनियर सिटीजन और 58 साल या उससे अधिक उम्र की महिला बुजुर्ग यात्रियों को दुरंतो, शताब्दी, जन शताब्दी, राजधानी, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के ट्रेन टिकटों पर किराए में छूट देता था। जहां पुरुष वरिष्ठ नागरिक 40 प्रतिशत की रियायत के पात्र थे, वहीं महिला वरिष्ठ नागरिक ट्रेन टिकट पर 50 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकती थी।साल 2019 के अंत तक सीनियर सिटीजन को ट्रेनों की टिकट की कीमत पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट मिली थी। अगर राजधानी का फर्स्ट एसी का टिकट 4,000 रुपये है तो सीनियर सिटीजन को 2,000 या 2,300 रुपये में मिलता था। फिर साल 2019 के अंत और साल 2020 की शुरुआत में कोविड देश और पूरी दुनिया में फैल गया जिसके बाद आईआरसीटीसी की टिकट बुकिंग विंडो पर ये सर्विस मिलनी बंद हो गई। अब सीनियर सिटीजन उम्मीद कर रहे हैं कि बजट में उन्हें ये खास छूट फिर से मिलेगी। सीनियर सिटीजंस का कहना है कि कई ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनका अपना घर नहीं है। वे किराया के घरों में रहते हैं। उन्हें हर महीने मकानमालिक को किराया चुकाना पड़ता है। रेगुलर इनकम नहीं होने से उन्हें दिक्कत आती है। सरकार को ऐसे सीनियर सिटीजंस को घर के किराए पर टैक्स डिडक्शन देना चाहिए, जिनकी रेगुलर इनकम नहीं है। इससे बुजुर्गों पर टैक्स का बोझ कम होगा। उन्हें उम्मीद है कि वित्तमंत्री इस बार बजट में उनकी यह मांग पूरी करेंगी। वर्तमान में, मूल कर छूट सीमा वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक आयु) के लिए 3 लाख रुपये और बहुत वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक आयु) के लिए 5 लाख रुपये है।

यह वह सीमा है जिस तक वरिष्ठ नागरिक की आय पर कर नहीं लगता है। अब, मांग यह है कि बजट में नई कर व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) के लिए मूल कर छूट सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जाना चाहिए, जो कि बहुत वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक) के समान है। वरिष्ठ नागरिक आगामी 2024 बजट में संभावित बोनस योजनाओं और कर प्रोत्साहनों को लेकर आशान्वित हैं। यह उम्मीद बुजुर्ग आबादी के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर आधारित है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार किए गए बोनस धन का सीधा इंजेक्शन प्रदान कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य देखभाल, दैनिक जीवन और अन्य आवश्यक खर्चों से जुड़ी बढ़ती लागत को संबोधित करने में मदद मिलेगी। इससे न केवल वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि समाज में उनके योगदान को भी मान्यता मिलेगी। तो, ये वित्त वर्ष 2024-25 के आगामी केंद्रीय बजट के लिए वरिष्ठ नागरिकों की कुछ सामान्य उम्मीदें हैं। वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक चुनौतियों का समाधान करके, सरकार बुजुर्ग समुदाय को सशक्त और उत्थान कर सकती है, जिससे उनकी सेवानिवृत्ति के वर्षों के दौरान अधिक सम्मानजनक और आरामदायक जीवन सुनिश्चित हो सके।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
जीवनसाथी के साथ भी अच्छा वक्त बीतेगा। व्यावसायिक कार्य से बाहर जाना हो सकता है। आज आप नए काम के शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**वृष**
साहित्य लेखन के लिए अच्छा दिन होने के कारण आप लेखन में प्रतिभा दिखा सकते हैं। आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं।

**मिथुन**
वैवाहिक जीवन बेहतर रहेगा। नई वस्तुओं की खरीदारी के लिए आज का दिन उत्तम है। आज नए काम की योजना बनेगी। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभ प्रदान करने वाला होगा। पत्नी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**
कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। किसी भी अनैतिक और सरकार विरोधी कामों से दूर रहें अन्यथा आप मुसीबत में आ सकते हैं। सार्वजनिक जीवन में मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह**
शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्वादिष्ट भोजन और अच्छे कपड़े पहनने को मिलेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक गुजारेंगे। उनकी तरफ से आपको भेंट-उपहार मिल सकता है।

**कन्या**
तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होंगे, जिससे काफी प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा। संतान की चिंता सताएगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी।

**तुला**
आपका आज का दिन सुख- शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

**वृश्चिक**
उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। महिला मित्र आज विशेष सहायक होंगी। बच्चों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर मिलेगा। बुजुर्गों तथा बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु**
भाई-बंधुओं से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा। कलाकारों, कारीगरों और लेखकों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। विरोधी परास्त होंगे। आपका आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है।

**मकर**
मन में आने वाले नकारात्मक विचारों से दूर ही रहें। आज दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी।

**कुंभ**
आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे। वाणी पर संयम रखें अन्यथा मतभेद हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज अत्यधिक खर्च हो सकता है। मानहानि हो सकती है, अतः सावधान रहें। आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी।

**मीन**
आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी होगी। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी। आप किसी बौद्धिक या तार्किक चर्चा में भाग लेंगे। कोई शुभ प्रसंग हो सकता है।

## शख्सियत

**माना कि अंधेरा बहुत है, पर मन के दीपक को रोशन किए रखो, रास्ता खुद ब खुद नजर आएगा**



अशोक कुमार योगी
( आरएएस अधिकारी )

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार है राजस्थान प्रशासनिक सेवा के ऊर्जावान. युवा. ओजस्वी अधिकारी अशोक कुमार योगी। सन 1983 में दौसा जिले में जन्में अशोक कुमार योगी ने शुरूआती दौर से ही हाई एज्युकेशन को अपनी मंजिल बनाया। इन्होंने नेट एमएससी(माईक्रोबायोलॉजी),बीएससी जे.आर.एफ की है। इसके अलावा राजस्थान प्रशासनिक सेवा में सन 2011 से हैं। एचसीएम रीपा. जयपुर में प्रशिक्षणाधीन से अपनी शुरूआत करने वाले योगी अनेकों स्थानों पर बड़े-बड़े पदों पर रहे हैं। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन,जोधपुर सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन बारां अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी.सह.एडीपीसीए- ईजीएस एवं पदेन परियोजना अधिकारी एमएडीए दौसा उप निदेशक- अल्पसंख्यक कार्य विभाग, जयपुर-द्वितीय उपखण्ड अधिकारी-जायल नागौर, उपखण्ड अधिकारी- बस्सी जयपुर पूर्व,उपखण्ड अधिकारी- चौमू जयपुर,उपायुक्त, नगर निगम,जयपुर, एडीडीएल- कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट शहर, अजमेर, ओएसडी- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एनएचएम विभाग, राजस्थान जयपुर डीवाई आयुक्त- जेडीए, जयपुर,एडीडीएल कलेक्टर एवं अपरजिला मजिस्ट्रेट शहर अजमेर,ओएसडी-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एनएचएम विभाग, राजस्थान, जयपुर,डीवाई आयुक्त-जेडीए जयपुर,कार्यकारी निदेशक- राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर,सचिव-यूआईटी, अलवर,एडीडीएल कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, नागौर फिलहाल उप सचिव शासन-वन विभाग, जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। पर्यावरण प्रेमी और बड़ी सरलता से कार्य करने वाले इन अधिकारियों को सीट से चले जाने के बाद कर्मचारी याद रखते हैं। हमेशा मुस्कान बिखेरने वाले इस व्यक्तित्व को लोग याद इसलिए भी रखते हैं क्योंकि कार्य को बड़ी कुशलता से करने का जज्बा इन्हे अशोक बनाता है। अलवर यूआईटी पद पर रह कर इन्होंने बड़ी संख्या में शहर के मुख्य सडकों पर डिवाईडर पर प्लांटेशन करवाया जिसने शहर के सौंदृय में चार चॉद लगाए हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 10 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- तीसरे धर्मयुद्ध के दौरान 1190 में रोम के सम्राट फेडरिक बार्बेरोजा की मौत हो गई थी।
- नसिरुद्दीन मुहम्मद शाह 1246 में दिल्ली की गद्दी पर आसीन हुआ।
- हॉलैंड और फ्रांस के बीच स्पेन विरोधी संधि पर 1624 में हस्ताक्षर किये गये।
- इंग्लैंड ने 1652 में नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- भारत में ब्रिटिश सरकार ने 1800 में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की।
- अमेरिकी राष्ट्रपति एंड्रू जैक्सन ने 1832 में दूसरे बैंक को पुनः अधिकार दिए जाने के लिए वीटो किया।
- न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक 1848 में शुरू हुआ।
- इंग्लैंड के ओल्ड ट्रेफर्ड में 1884 को खेले जा रहे प्रथम क्रिकेट टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ा।
- फ्रांस और जापान के बीच चीन की स्वतंत्रता और अखंडता को बरकरार रखने के लिए 1907में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- यूरोपीय देश रोमानिया ने 1913 में बुल्गारिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- डेनमार्क ने 1924 में ग्रीनलैंड पर कब्जा जमाया।
- सोवियत संघ के आधिकारिक समाचार एजेंसी के तौर पर टीएएसएस की शुरुआत 1925 में हुई।
- ईसवी को पहली महिला विमान चालक बायनहोज़न ने 1931 में संसार का चक्कर लगाने के लिए उड़ान आरंभ की।
- नार्वे ने 1931 में पूर्वी ग्रीनलैंड पर कब्जा किया।
- सोवियत संघ और रोमानिया के बीच 1934 में राजनयिक संबंध दोबारा स्थापित किये गये।
- हावर्ड ह्यूज ने 1938 में 91 घंटे विमान उड़ाने का रिकॉर्ड बनाया था।
- दो महीने के युद्ध के बाद नार्वे ने 1940 में जर्मनी के सामने आत्मसमर्पण किया।
- इटली ने 1940 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस और ब्रिटेन के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
- नार्वे ने 1940 में नाजी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- कनाडा ने 1940 में इटली के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
- अमेरिका, ब्रिटिश और कनाडाई सेना ने 1943 में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सिसली द्वीप पर हमला किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने 1944 में यूनान के 218 लोगों की हत्या की।
- राजशाही खत्म होने के बाद 1946 में इटली गणतांत्रिक राष्ट्र बना।
- मुहम्मद अली जिन्नाह को ब्रिटिश प्रधानमन्त्री क्लेमेंट अटली ने में पाकिस्तान के पहले गवर्नर जनरल के रूप में बनाये जाने की सिफारिश की।
- चीन के कैंटोन क्षेत्र में 1947 को नदी में रेलगाडी गिरने से 200 लोगों की मौत हुई।
- भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मुंबई में जन्म 1949 में हुआ। उनके नाम 125 टेस्ट में 34 शतकों के साथ 10122 रन हैं।

## विशेष आलेख

# पैसा एसटी-एससी के लिए, लेकिन इससे चुनावी गारंटी को पूरा करेगी कर्नाटक सरकार

रामस्वरूप रावतसरे



कॉन्ग्रेस के कर्नाटक में चुनाव जीतने के लिए किए रेवड़ी वादे अब राज्य के दलितों आदिवासियों पर भारी पड़ रहे हैं। राज्य के दलित और आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए दिया जाने वाला पैसा अब कॉन्ग्रेस सरकार की चुनावी गारंटियाँ पूरा करने के लिए लगाया जा रहा है। कर्नाटक की कॉन्ग्रेस सरकार ने फैसला लिया है कि वह राज्य के दलित-आदिवासियों के दिए गए 14,730 करोड़ फंड को अब अपनी गारंटियों में खर्च करेगी। कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 39,121 करोड़ की धनराशि दलित और आदिवासियों के फंड के रूप में जारी किया था। कर्नाटक में नियमों के अनुसार ऐसा करना आवश्यक है। लेकिन अब कॉन्ग्रेस सरकार ने इसमें से लगभग एक तिहाई फंड काटने का इरादा कर लिया है। इस फंड का उपयोग करके कॉन्ग्रेस अब अपनी चुनावी गारंटियाँ पूरी करेगी। इसको लेकर अब राज्य में विरोध भी हो रहा है। वह पहले भी ऐसा ही कर चुकी है। 2023 में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कॉन्ग्रेस ने पाँच गारंटी दी थी। इन्हें 'रेवड़ी' कहा गया था। कॉन्ग्रेस ने 2023 विधानसभा चुनाव में वादा किया था कि सत्ता में आने पर वह हर घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देगी। इसे गृह ज्योति योजना का नाम दिया गया था। इसके अलावा गृह लक्ष्मी नाम की योजना का भी एक वादा किया गया था। इसके अंतर्गत कॉन्ग्रेस ने वादा किया था कि वह राज्य की महिलाओं को 2000 प्रतिमाह देगी। कॉन्ग्रेस ने कर्नाटक की आर्थिक स्थिति और मुफ्त सुविधाओं के वादों से अर्थव्यस्था पर पड़ने वाले बोझ को दरकिनार करते हुए हर परिवार को 10 किलो अनाज देने का भी वादा किया था, इसे अन्न भाग्य योजना का नाम दिया गया था। कॉन्ग्रेस ने राज्य में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा का भी वादा किया था। इसके अलावा राज्य के बेरोजगार युवाओं को भी 1500 देने की बात कही गई थी। इनमें से कुछ योजनाएँ पूरी तरह से लागू कर दी गई हैं तो कुछ को आंशिक रूप से लागू किया गया है। कॉन्ग्रेस के इन 'रेवड़ी' वादों का असर अब राज्य के खजाने पर दिख रहा है और वह राजस्व बढ़ाने के लिए नई-नई जुगत भिड़ा रही है। वह राज्य की आम जनता को अब नए कर और बढ़े करों से लादना चाह रही है। साथ ही वह कमाई के नए जुगाड़ भी लगा रही है।

भाजपा ने कॉन्ग्रेस सरकार के इस फैसले को लेकर उसकी आलोचना की है। भाजपा ने इसे कॉन्ग्रेस का दलित विरोधी कदम बताया है। भाजपा ने इसे फंड का दुरूपयोग बताया है। कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर अशोका ने लिखा है, दलित विरोधी कॉन्ग्रेस सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के विकास के लिए निर्धारित 14,730 करोड़ की राशि को अपनी गारंटी योजनाओं के लिए इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे लिखा, सामाजिक न्याय के स्वयंभू चैंपियन सीएम, आपने वाल्मीकि एसटी कल्याण बोर्ड में दलितों के 187 करोड़ के पैसे लूट लिए, अब आप दलितों के विकास के लिए निर्धारित 14,730 करोड़ की राशि को गारंटियों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, क्या आपको सत्ता के लालच में दलितों को लूटने में शर्म नहीं आती? दलितों को अपने कल्याण की कीमत पर आपकी गारंटी योजनाओं के लिए क्यों पैसे देने होंगे? दलित संघर्ष समिति नाम के संगठन ने भी कॉन्ग्रेस सरकार के इस निर्णय के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। दलित संघर्ष समिति ने इस मुद्दे पर कॉन्ग्रेस सरकार का विरोध किया है। उसने इसे कॉन्ग्रेस सरकार का एकतरफा निर्णय बताया है।

कॉन्ग्रेस सरकार ने जुलाई 2023 में राज्य के एसटी/एससी समुदाय के कल्याण के लिए खर्च किए जाने वाले 11,000 करोड़ को भी इन गारंटियों के लिए उपयोग करने का फैसला लिया था, जिसके कारण इसकी काफी आलोचना हुई थी। कॉन्ग्रेस सरकार ने यह कह कर अपना बचाव करने का प्रयास किया था कि यह दूसरी योजनाओं को दिया जाने वाला यह पैसा भी गरीबों के विकास में लगेगा। हालाँकि, दलित संगठनों ने उसकी इस दलील को स्वीकार नहीं किया था।

कर्नाटक की कॉन्ग्रेस सरकार की यह गारंटियाँ बजट का एक बड़ा हिस्सा ले जा रही हैं। इससे बाकी के विकास कामों के लिए पैसा नहीं बच रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में इन पाँच चुनावी गारंटियों पर 39,825 करोड़ का खर्चा किया गया था। यह कर्नाटक के 2023-24 के बजट का लगभग 17 प्रतिषत था। वित्त वर्ष 2024-25 में गारंटियों का यह खर्चा और बढ़ गया है। 2023-24 के मुकाबले इसमें लगभग एक तिहाई की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में कर्नाटक ने इन पाँच चुनावी गारंटियों पर 52,000 करोड़ खर्च करने की योजना बनाई है। राज्य की कई अन्य योजनाओं का असर इस खर्च के कारण पड़ रहा है। जुलाई 2023 में ही कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी अपने विधायकों से स्पष्ट कर दिया था कि उन्हें कोई भी फंड नहीं दिए जाएँगे और पूरा फोकस गारंटियों को पूरा करने पर लगाया जाएगा। भाजपा ने कॉन्ग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है कि वह राज्य के विकास का सारा पैसा अपने चुनावी वादे पूरे करने में फूँक रही है जिससे राज्य पिछड़ रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## वर्तमान में पौधारोपण की है अत्यधिक आवश्यकता : हरिराम वर्मा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (का.स.)।** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से मेरीगटन सोनी के निर्देशन में एवं शिव शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित पौधारोपण कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि थानाधिकारी हरिराम वर्मा के सानिध्य में पौधारोपण किया। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पौधारोपण की अत्यधिक आवश्यकता है। महिला अधिकारिता विभाग की संरक्षण अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि वृक्ष है तो जीवन है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वृक्ष होंगे तो मानव जीवन भी उतना ही सुरक्षित होगा। इस अवसर पर डॉ. सुनीता शर्मा, एडवोकेट शिप्रा शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉ. अकिंत जैन एक पेड़ मां के नाम अभियान के संयोजक मनानीत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल मालपुरा कार्यालय पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित हुई। सोमवार को आयोजित बैठक में ूमतदाता अभिनन्दन, विजय संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसके अलावा बेठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान पर विस्तार चर्चा की गई। सर्वसम्मति से इस अभियान के संयोजक पद नगरपालिका पार्षद एवं जिला आयोजना समिति के सउस्य डॉ. अकिंत जैन को संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में संत कुमार जैन, नगरपालिका अध्यक्ष सोनीया सोनी के प्रतिनिधि के रूप में मनीष सोनी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजुद रहे।

## नामांकन अभियान व प्रवेश उत्सव रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (का.स.)।** ग्राम पंचायत राहोली में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में सिकोईडिकोन संस्था निवाई द्वारा नामांकन अभियान व प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय स्टाफ मुकेश कुमार मीणा, उप प्रधानाचार्य रामभजन मीणा, व्याख्याता दिनेश कुमार, किरण शर्मा, पिंकी मीणा, लक्ष्मण सिंह, शा. शि. गौरीशंकर जाट, सुरज्ञान जाट के साथ नामांकन बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। ड्रॉप आउट एवं अनियमित आने वाले बच्चों के बारे में चर्चा करके उन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों को नियमित विद्यालय पहुंचाने हेतु समझाया गया। महासंघ प्रतिनिधि बद्रीनारायण जाट के द्वारा सिकोईडिकोन संस्था के कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। शाखा प्रभारी अनीता शर्मा द्वारा नामांकन अभियान से संबंधित जानकारी पर बात की गई। यह नामांकन अभियान जुलाई माह में निवाई ब्लॉक में चलाया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक बच्चों को नामांकन हेतु प्रेरित किया जाएगा। ड्रॉपआउट बच्चों को स्टेट ओपन से जोड़ने के लिए संपर्क किया गया। इस दौरान सुरज्ञान गुर्जर मजुकड़ा, सोनू चौधरी, अर्जुनदेव गिर्राज आदि सदस्य रहे।

## पेड़ हमारे संस्कृति और सभ्यता का है प्रतीक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई,(का.स.)।** खंडेलवाल सरावगी समाज के तत्वाधान में सेठ छिगनलाल काला बपूई वाले जैन मंदिर में पौधारोपण किया गया। प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संघी ने बताया कि प्रमुख उद्योगपति अशोककुमार कटारिया ने जैन मंदिर परिसर में छायादार पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधारोपण करने की शपथ दिलाई। कटारिया ने कहा कि पेड़ हमारी संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक है तथा इंसान का जीवन पौधों व प्रकृति पर्यावरण पर टिका है इसलिए हमें पौधारोपण अभियान में पूर्ण भागीदारी निभाकर पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सरावगी समाज के अध्यक्ष शिखरचंद काला, बिचला जैन मंदिर के अध्यक्ष हेमचंद संघी, अशोक बिलाला, त्रिलोक हरभगतपुरा, अजीत काला, नितिन छाबडा, ज्ञानचन्द सोगानी, रिंकू झाझरी, ज्ञानचंद सोगानी, पदमचंद टौगिया, विमल सोगानी, राजेश जौंला, डालू सोगानी, महावीर छाबड़ा व नरेश हतुना सहित कई लोग मौजूद थे। इसी प्रकार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय दत्तवास के खेल मैदान पांच खेजड़ा मे अध्यापक और छात्र-छात्राओं के द्वारा पर्यावरण सुधार हेतु नीम, अशोक, गुलमोहर, शीशम, गुलाब व केशरश्यामा सहित एक हजार पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेन्द्रकुमार गुप्ता, मोहन खण्डेलवाल, मोहन गुप्ता, श्रवण प्रजापति, कैलाश शर्मा, राजेश नामा, सुमन यादव, जितेंद्र चौधरी एवं भरतलाल मीणा सहित कई लोग मौजूद थे। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरिया में प्रधानाचार्य कनेश मीणा के सानिध्य में सभी कार्मिकों सहित कक्षा 1 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने छायादार व फलदार 5-5 पौधे लगाएं।

## अच्छी पहल : चरागाह भूमि का सीमाज्ञान करवाने की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (का.स.)।** ग्राम पंचायत श्रीरामपुरा के गांव बहादुरपुरा के लोगों ने सर्वसम्मति से जाजम पर बैठकर गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का निर्णय लेते हुए जिला कलेक्टर सोम्या झा को ज्ञापन दिया। गांव वालों की इच्छा है कि गोचर भूमि को केवल पशुओं के लिए ही काम में ली जाए। जिसको लेकर सभी गांव के लोगों ने सर्वसम्मति से कलेक्टर को ज्ञापन देकर गोचर भूमि का सीमांकन ज्ञान करवाकर चारों तरफ खाई खुदवाकर सीमांकन किया जाए। दयाशंकर गुर्जर बहादुरपुरा ने बताया कि गोचर भूमि में जो भी पेड़ लगे हुए हैं उन सब पेड़ों की जिम्मेदारी समस्त ग्रामवासियों ने ली है। गावं वाले ही उनकी देखभाल एवं सुरक्षा करेंगे। जिसको लेकर ग्रामीणों ने चरागाह भूमि में फलदार व छायादार पौधे लगाने की भी पहल की है। ज्ञापन देने वालों में रामफूल हरसाना, गोर्वधन हरसाना, श्रीराम हरसाना, रामफूल चैची, गिर्राज हरसाना, हनुमान हरसाना, शिवराम हरसाना, जन्सी हरसाना, रामेश्वर चेची व छोटू लाल सहित कई ग्रामवासी मौजूद थे।

## ई-नीलामी में संशोधन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई,(का.स.)।** नगर पालिका निवाई द्वारा टैगोर नगर में आयोजित ई-नीलामी में संशोधन करते हुए ऑनलाइन भागीदारी शुल्क व अमानत राशि जमा करने की दिनांक 12-07-2024 साय: 5.00 बजे तक तथा ई -नीलामी की दिनांक 15-7.2024 से 18-07-2024 साय: 5.00 बजे तक रखी गई है।

### महावृक्षारोपण अभियान के प्रथम दिन 11 हजार पौधो का हुआ वितरण

# पौधे हमारे जीवनदायी : बी.एल. चौधरी

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा (नि.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के उत्सव प्रांगण में मंगलवार को महावृक्षारोपण अभियान का आगाज हुआ। बी एल चैरिटेबल ट्रस्ट देशमा के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में लगभग एक लाख पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन का कार्य किया जाएगा। समारोह का शुभारंभ मुख्य वक्ता परम पूज्या साध्वी सुभद्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक प्रतिष्ठा पिलानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र कुमार मीणा, तहसीलदार राहुल पारीक, कृषि विभाग सहायक निदेशक डॉ महेश कुमार, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, थाना प्रभारी चेनाराम बेडा, कार्यक्रम संयोजक बीएल देशमा सहित अतिथियों ने अभियान का शुभारंभ किया। अभियान का शुभारंभ करते हुए साध्वी सुभद्रा कुमारी ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाना वर्तमान समय में बहुत बड़ी आवश्यकता है बढ़ती जनसंख्या व बढ़ते तापमान के चलते पर्यावरण असंतुलित हो गया है । बीएल चौधरी देशमा की ओर से चलाया जा रहा अभियान एक सराहनीय कार्य है जिससे मालपुरा उपखंड क्षेत्र में पर्यावरण संतुलित होगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार ने कहा कि ऐसा आयोजन मालपुरा में होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है उन्होंने अपने सेवा काल में ऐसा बड़ा आयोजन नहीं देखा है। कार्यक्रम संयोजक बी एल चौधरी ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एक लाख पौधे लगाना बड़ी बात है लेकिन क्षेत्र के लोगों के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त कर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को संतुलित करने का कार्य किया जाएगा। वर्तमान समय में बढ़ते तापमान को रोकने में पेड़ पौधे लगाना अनिवार्य है एक मनुष्य अपने जीवन काल में 10 पेड़ पौधों की क्षति करता है लेकिन अपने जीवन में एक भी पौधा नहीं लगाता है। प्रकृति से हम लेते ही है लेकिन प्रकृति को हम देते कुछ नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रकृति के लिए भी कुछ करें जिससे पर्यावरण संतुलन होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में व्यक्ति की उम्र सीमा कम होने का भी मुख्य कारण यही है कि उसे संतुलित पर्यावरण नहीं मिल पा रहा है। अभियान का शुभारंभ करते हुए अतिथियों की ओर से कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, गणमान्य लोगों सहित आमजन को लगभग 11 हजार पौधों का वितरण किया गया । आयोजक ने बताया कि मालपुरा उपखंड क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतो में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण अभियान का कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा। अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के उत्सव प्रांगण में पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान पौधों के साथ एक-एक टी शर्ट का भी वितरण किया गया तथा सभी को पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। समारोह में किशन लाल देशमा, रामधन जावलया पीपलू, किशन लाल लांबा, केदार लांबा, छोगालाल लांबा, पूर्व सरपंच रामजीलाल शर्मा, बीएल चैरिटेबल ट्रस्ट के बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## बजरी माफिया कितना भी ताकतवर हो, नेता का खास हो, सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए : पायलट

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** कांग्रेस नेता और टोंक से विधायक सचिन पायलट मंगलवार को टोंक के दौरे पर रहे। पायलट ने देवली भांची (टोंक) पहुंचकर बजरी माफिया के साथ हादसे में मृतक हैड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। बाद में सचिन पायलट ने यहां टोंक में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद हरीश मीणा, पूर्व विधायक रामनारायण मीणा, नगर परिषद सभापति अली अहमद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा और विद्यालय की प्रधानाचार्य मौजूद रही।

**सदन में उठाएंगे मामला :** बाद में पत्रकारों के सवाल पूछे जाने पर सचिन पायलट ने कहा कि टोंक जिले और अन्य सम्बन्धित क्षेत्रों में बजरी के अवैध खनन-भंडारण और इस काम में संलिप्त लोगों के खिलाफ सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए।

**सरकार और प्रशासन इससे अगर सख्ती से नहीं निपटेगा तो आपराधिक तत्वों का साहस बढ़ेगा :** पायलट ने पुलिस कांस्टेबल की हत्या के मामले में कहा कि ऐसी घटनाओं से लोगों का मनोबल टूटता है।। मैं तो सरकार से आग्रह करता हूं कि सारी बातें छोड़कर अगर गैरकानूनी गतिविधिया कहीं हो रही है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। पायलट ने चेताया कि हम लोग सदन के अंदर और बाहर मांग रखेंगे कि अवैध कोई भी कार्रवाई हो, कोई कितना ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति हो उसके कहने पर अगर सरकार आंख मूंद लेगी और यह गैर कानूनी कार्रवाई होती रहेगी तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**सीमा पर हालात खराब, सरकार केवल सब ठीक होने का कर रही दावा :** कश्मीर के कठुआ में सेना पर हुए आतंकी हमले को लेकर सचिन पायलट ने कहा कि इस प्रकार की आतंक की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं । केन्द्र सरकार सदन में दावा करती है सब कुछ ठीक हो गया, स्थिति नियंत्रण में हैं , लेकिन सीमा पार से हमारे नौजवानों को शहीद कर रहे। उन पर घात लगा कर हमला हो रहा है, जानें जा रही है । तो कहीं ना कहीं सरकार को जवाब देना पड़ेगा । यह बहुत गंभीर मुद्दा है हम चाहेंगे सरकार इस पर अपना स्पष्टीकरण दे और सख्ती से कार्रवाई भी करें।

## बड़ागाँव में विद्यार्थियों को पुलिस ने कानून संबंधित जानकारी देकर पौधारोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (का.स.)।** निवाई उपखंड की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ागाँव व श्रीराम विद्यालय में मंगलवार 9 जुलाई को विद्यार्थियों को कानून संबंधित जानकारी व सड़क सुरक्षा तथा यातायात से जुड़े नियम, सावधानी और सुरक्षात्मक ड्राइविंग के तरीके बताए। पब्लिक को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक होना पड़ेगा। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना आदि यातायात नियमों का पालन करेंगे तो जानमाल का नुकसान नहीं होगा एव विद्यालय में पौधारोपण भी किया गया । स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि विनोद सांखला ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। वर्तमान में वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी संभव नहीं होगी। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में वृक्ष लगाकर उसका पोषण व संरक्षण करना चाहिए।

हर वर्ष ग्राम पंचायत बड़ागाँव मे सरकारी, गैर सरकारी प्रांगण, धार्मिक स्थलों व उसके आसपास पौधे लगाये जाते हैं।

इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम में दत्तवास थानाधिकारी हेमन्त जनागल, विनोद साँखला, हनुमान मेदार, गोपीलाल डीलर , उपसरपंच हंसराज खाजपुरा, प्रधानाचार्य मुकेश गुर्जर, गजानन्द हरियाणा सहित दत्तवास थाना से हेड कॉस्टेबल रघुवीर सिंह, कॉस्टेबल सत्यनारायण प्रजापत, कॉस्टेबल प्रवीण नारोलिया, कॉस्टेबल दयाराम चौधरी एव विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे ।

## चोरी करने के 5 आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**निवाई,(का.स.)।** पुलिस ने गोदाम से चोरी करने के 5 आरोपियों को पांच घंटे में ही गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि 7 जुलाई को एसिस्टेंट मैनेजर गोगरिम वेयर हाउस मिश्रीलाल पुत्र घासीलाल गुर्जर निवासी सिरोही ने मामला दर्ज करवाया था कि वनस्थली मोड पर रीको इंड्रस्टीज एरिया में स्थित उनकी गोदाम में 8 हजार 370 चना व अन्य जिन्स के कट्टे रखे हुए थे। 6 जुलाई की रात को 2-3 मोटरसाईकिलों पर सवार होकर आए 6-7 युवकों ने गोदाम का ताला तौडकर गोदाम में से करीब 100 कटटे पिकअप में भरकर चुराकर ले गए। यह वारदात फेक्ट्री में लगे सीसी टीवी केमरे में केद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू करते हुए 24 घंटे में ही 5 आरोपियों दीपककुमार मीणा पुत्र भरतराम मीणा निवासी भाकरी तन वीर तेजाजी नगर पुलिस थाना प्रागपुरा जिला कोटपुतली, युवराजसिंह शेखावत पुत्र जयवीरसिंह निवासी प्रागपुरा ढाणी केरोडी तन राजनोता जिला कोटपुतली, रतनलाल मीणा प्रहलाद मीणा निवासी कोठ्या वाली ढाणी वीर तेजाजी नगर जिला कोटपुतली, राजेश गुर्जर पुत्र कल्याण निवासी भौम्याजी की ढाणी तन मंडा जिला कोटपुतली व दीपककुमार मीणा पुत्र बोधनलाल मीणा निवासी झाकडी थाना थानागाजी जिला अलवर को गिरफ्तार किया है।

## अलका पारीक ने उपाचार्य पद का कार्यभार किया ग्रहण



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत व्याख्याता अलका पारीक/अरविंद त्रिपाठी का उप प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति होने व विभागीय आदेशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा में ही रिक्त पद पर कार्यग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गिरिधर सिंह,जगदीश गुर्जर,दीपक गुप्ता ,राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,कानाराम जाट,यासीन अली,राम सहाय व मीना वर्मा,सरिता शर्मा आदि महिला स्टाफ ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## रोटरेक्ट क्लब मालपुरा के एकांश जैन अध्यक्ष व आयुष अग्रवाल सचिव बने



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन ने अपना विस्तार करते हुए समाजसेवी युवाओं को लेकर रोटरेक्ट क्लब मालपुरा का नवीन गठन किया है। रोटरेक्ट मालपुरा के अध्यक्ष पद पर एकांश जैन, सचिव पद पर आयंष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल जैन, निर्वाचित अध्यक्ष अमन सिंघी के अलावा कृष्णा जैन, पंकज सिंघल, संकल्प जैन, पीयूष जैन, को सदस्य मनोनीत किया गया है।

रोटरेक्ट क्लब की नवीन कार्यकारिणी को निर्वाचित प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता ने शपथ दिलाकर आव्हान करते हुए कहा कि सभी रोटरी साथी मिलकर सेवा के क्षैत्र में नई मिशाल कायम करें। साथ ही हर समय जरूरतमंद एवं पीड़ित मालव की सेवा के लिए तैयार रहें।

## टोंक से सांवरियांजी के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू, अजीत सिंह मेहता ने हरी झंडी दिखाई

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** जिले के लोगों के लिए यह अच्छी खबर है कि वे यहां से रोडवेज बस में बैठकर सीधे सांवरियां सेठ के उतर सकेंगे और सांवरियां सेठ के दर्शन कर लौटती बस से सीधे टोंक आ सकेंगे। ऐसा संभव होगा रोडवेज की टोंक डिपो की टोंक-सांवरियां सेठ के लिए शुरू की गई बस सेवा के जरिए। यहां मंगलवार को एक शानदार समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता और रोडवेज के मुख्य प्रबन्धक नंदकिशोर मीना ने इस बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ के गुर्जर समुदाय के लोग इस बस के जरिए टोंक जिले में स्थित जोधपुरिया देव धाम आकर अपने आराध्य देव भगवान देवनारायण के दर्शन भी कर सकेंगे। मुख्य प्रबन्धक नंदकिशोर मीना ने बढ़ता राजस्थान को बताया कि यह बस प्रतिदिन 7.15 बजे टोंक से सवाई माधोपुर जाएगी। वहां से 12.15 बजे वापस टोंक आएगी। यहां से टोडारायसिंह, केकड़ी, भीलवाड़ा, चित्तोड़गढ़ होते हुए रात्रि को 8.30 बजे सांवरियांजी पहुंचेंगी। इसी तरह यह बस प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे सांवरियांजी के यहां से रवाना होगी और दोपहर 3.00 बजे टोंक पहुंच जाएगी।

## आने वाले चुनाव को मजबूती से जीतना है : सांसद हरीश मीणा




बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (का.स.)।** सांसद हरीश मीणा का क्षेत्र के दौरे पर जाते हुए जयपुर कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ट्रक यूनियन पर कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। सांसद के साथ मालपुरा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे जीएल चौधरी का भी स्वागत किया। सांसद हरीश मीणा ने कहा कि कार्यकर्ता मजबूत होगा तो संगठन भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सबको एक होकर आने वाले पंचायतराज, नगरपालिका व नगर परिषद के चुनाव को मजबूती से जीतना है। सांसद ने कहा कि भाजपा के शासन में बजरी माफियाओं का खुला आतंक का नतीजा सबके सामने है। टोंक जिले के देवली के हेड कांस्टेबल स्वर्गीय खुशीराम को बजरी माफियाओं ने ट्रैक्टर से कुचल कर मार डाला। बजरी माफियाओं में अब पुलिस का डर भी खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार है आखिर क्यों नहीं रोक पा रही बजरी माफिया के आतंक को। इस अवसर पर ट्रक यूनियन अध्यक्ष भंवरलाल यादव, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामराय मीणा, पूर्व पार्षद रामू माथुर, भागचंद बैरवा, नसीर अहमद कुरेशी, मुन्ना मंसूरी, श्रीराम चौधरी, जमील कुरैशी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# जुलाई के पहले सप्ताह में ही उपखण्ड में झमाझम बारिश, लगातार बारिश से आधे भरे बांध

## मंगलवार को सुबह एक घंटे से ज्यादा हुई बारिश से मौसम हुआ सुहाना, 17 फीट हुआ रामसागर बांध का पानी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** शहर में मानसूनी बादल पहली बार इस प्रकार मेहरबान हुए हैं की एक सप्ताह में लगातार तीसरी जोरदार बारिश दर्ज की गई है। मंगलवार को सुबह 8 बजे बाद अचानक से मौसम का मिजाज बदला और काले घने बादलों से आसमान घिर गया। ऐसे में करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक जोरदार बारिश हुई है। जिसके चलते जहां बाजार में पानी भराव हुआ है वही शहर के निचले इलाकों में भी पानी भराव की समस्या सामने आई है।

एक पखवाड़े से मानसूनी बारिश ने क्षेत्र में ऐसा समां बंधा है की उमस भरी गर्मी गायब हो गई है और मौसम सुहावना हो गया है। क्षेत्र के बांधों और नदियों में भी पानी की लगातार आवक हो रही है और खेती किसानी के लिए अब मौसम खुलने का इंतजार किया जा रहा है।

**निचले इलाकों में पानी भराव, लोग परेशान :** पूर्व के वर्षों में लगातार बारिश का दौर कभी देखने को नहीं मिला है। एक दो बारिश के बाद मौसम खुल जाता था। जिससे आमजन राहत महसूस करता था लेकिन इस बार पिछले एक पखवाड़े से लगातार बारिश हो रही है। जिससे निचले इलाकों में पानी भराव हुआ है और लोग परेशान हो रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार सिंघल ने बताया कि पिछले 24 घंटे में बाड़ी क्षेत्र में करीब 16 एमएम यानी आधा इंची से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। वहीं तालाबशाही, आगई,बसेड़ी आदि क्षेत्रों में भी बारिश हुई है। बारिश का यह दौर लगातार दौर चल रहा है। इससे क्षेत्र के अधिकांश बांध आधे भर गए है।

**यह उपखंड के बांधो की स्थिति :** सिंचाई विभाग की आंकड़ों के अनुसार बाड़ी उपखंड के रामसागर बांध में 17.00 फीट पानी (भराव क्षमता 25.1फीट),तालाबशाही बांध में 6 फीट (भराव क्षमता 11 फीट), उर्मिला सागर में 20 फीट पानी (भराव क्षमता 28 फीट) और पार्वती डैम में 214.90 मीटर पानी(भराव क्षमता 223.41 मी) पानी आ चुका है। जो भराव क्षमता के लगभग आधा है।

**क्षेत्र में हुई मानसूनी सीजन की अब तक 40 प्रतिशत बारिश :** सिंचाई विभाग के एक्सईएन राजकुमार सिंघल ने बताया कि मानसूनी सीजन 15 जून से 30 सितंबर तक होता है। उक्त सीजन में धौलपुर जिले में औसत 650 एमएम बारिश दर्ज की जाती है।

इस सीजन में मानसूनी सीजन अभी 20 दिन ही हुआ है जिसमें 50 प्रतिशत बारिश यानी 263 एमएम बारिश जिले में हो चुकी है।

# पांच बच्चो की मूक बधिर मां को ससुराल वाले कर रहे दहेज के लिए परेशान

## पीड़िता की शिकायत पर सदर पुलिस ने नहीं दिया ध्यान, एसपी से फ़रियाद

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के धीमरी गांव निवासी एक महिला को 12 वर्ष से ससुराल में परेशान किया जा रहा है। महिला की 19 अप्रैल 2012 को शादी हुई थी। जिसमे परिवार ने यथायोग्य दान-दहेज दिया था। जिसके कुछ समय बाद ससुराल वाले उसे किसी न किसी रूप में परेशान करने लगे। 12 वर्ष से मानसिक और शारीरिक परेशानी झेल रही महिला मुख बधिर है। जिसकी एक बेटी और चार बेटे भी हैं। ससुराल वालों द्वारा पिछले 27 जून को महिला की बुरी तरह मारपीट की और ससुराल से बोलेरो में डालकर पीहर छोड़ गए है। घटना को लेकर पीहर पक्ष ने ससुराल वालों से काफी समझाईश की लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो पीड़िता अपनी मां के साथ सदर थाने में मामला दर्ज कराने पहुची जहां तहरीर दिए काफी दिन निकलने के बाद भी जब सदर पुलिस द्वारा उक्त मामले में कोई सुनवाई नहीं की तो ऐसे में पीड़िता ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रजिस्टर्ड डाक से जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर को परिवाद भेजा है। और मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बाड़ी कोर्ट के अधिवक्ता भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया की सदर थाना क्षेत्र के धीमरी गांव निवासी मंजू पुत्री रामदयाल की शादी 12 वर्ष पूर्व 19 अप्रैल 2012 को कंचनपुर थाना क्षेत्र के कांसपुरा गांव निवासी राधाचरण उर्फ राधे पुत्र गुरखू के साथ की थी। विवाह से पूर्व महिला के मूक-बधिर होने की ससुराल वालों को पूरी जानकारी दी थी और परिवार ने शादी में यथायोग दान दहेज भी दिया था। पीड़िता मंजू द्वारा ससुराल में अपने पति सहित अन्य ससुरालवालों की खूब सेवा के साथ घर का पूरा काम करती थी लेकिन ससुराल वाले दहेज के लिए धीरे-धीरे परेशान करने लगे। महिला के दिव्यांग होने के चलते पीहर वाले भी जैसे-तैसे राजीनामा में ही भलाई समझ रहे थे। 27 जून 24 को पति सहित ससुरालवालों ने बुरी तरह मारपीट की और एक बोलेरो गाड़ी से उसके गांव धीमरी पटक कर चले गए।

### सदर पुलिस ने नही की सुनवाई

घटना जे बाद पीड़िता मंजू अपनी मां के साथ सदर थाने पहुंची। जहां तहरीर दिए जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में मामले को लेकर धारा 154(3) सीआरपीसी,100 एवं 174(4) बीएनएसएस के तहत एसपी धौलपुर को परिवाद भेजा है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# एमजेआरपी यूनिवर्सिटी में कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

## महिला प्रोफेसर्स ने निकाली कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** महात्मा ज्योति राव फूले यूनिवर्सिटी के अचरोल कैंपस में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सुबह निकली कलश यात्रा में विश्वविद्यालय की महिला प्रोफेसर्स पीली साड़ी में सिर पर कलश लेकर चल रही थी। एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि भक्तिगीतों पर श्रद्धालुओं ने भगवान का जयघोष किया। कलश यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। मंदिर में 11 पंडितों ने विधि विधान के साथ कलश स्थापना करवाई। इसके बाद दिनभर भजनों के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंडप प्रवेश, मंडल आह्वान व स्थापन, मूर्तियों का जलाधिवास व अन्नाधिवास करवाया गया। चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि 10 जुलाई को हवन और पूजन होगा। 11 जुलाई को शिव परिवार, राम दरबार और राधा कृष्ण, मां सरस्वती और हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद कन्या भोज और भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के पहले दिन धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर महिला प्रोफेसर्स कलश धारण किए चल रही थी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, स्टाफ मैंबर्स और स्टूडेंट्स शामिल हो रहे हैं।

# ग्राम करकाखेरली को सामुदायिक भवन निर्माण हेतु निशुल्क भूमि आवंटित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि ग्राम करकाखेरली की आराजी खसरा नंबर 480/428 रकबा 65.2934 हैक्टे. में से 0.0553 है किस्म चारागाह भूमि की किस्म खारिज कर राजस्थान भू-राजस्व के अन्तर्गत सामुदायिक भवन निर्माण हेतु पंचायत समिति राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत दिहौली को निशुल्क आवंटित की गई है। उन्होंने बताया कि चारागाह भूमि के क्षतिपूर्ति हेतु तहसील राजाखेड़ा के ग्राम करकाखेरली की आराजी खसरा नम्बर 263 रकबा 0.7714 हैक्टेयर में से 0.0553 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकिन बीहड़ भूमि को चारागाह दर्ज किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# ठगी की रकम निकालने वाला गिरफ्तार गिरोह के 3 ठगों को तलाश कर रही पुलिस, ठगों का अलग-अलग काम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर के मालाखेड़ा थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के बाद रकम निकालने वाले बदमाश को पकड़ा है। जिसके 3 अन्य साथी बदमाशों की तलाश जारी है। मालाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि मौजपुर निवासी शहरून और नांगल रटावत निवासी तौफीक लोगों से ऑनलाइन ठगी करते हैं। जिन्होंने अब तक करीब 5 लाख की ठगी की है। वहीं तीसरा आरोपी बिलेटा निवासी साहिल अपने मित्रों के नंबर सोशल मीडिया से सर्च कर उनके खाते खुलवाता था। जबकि चौथा आरोपी अनीश खान निवासी मौजपुर लक्ष्मणगढ़ का है। वह बैंक से ऑनलाइन ठगी की रकम निकालता था। पुलिस ने मुख्य मास्टरमाइंड अनीश खान को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों की तलाश जारी है।


# राजाखेड़ा पुलिस ने रेप और गर्भपात के आरोपी पकड़े

## एक महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार, 20-20 हजार रुपए का था इनाम



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिले की राजाखेड़ा थाना पुलिस ने रेप और भ्रूण हत्या के मामले में फरार चल रहे 20-20 हजार रुपए के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें एक पुरुष और एक महिला शामिल है। पकड़े गए आरोपियों से मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले को लेकर राजाखेड़ा थानाधिकारी वीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट और भ्रूण हत्या के मामले में दो माह से फरार चल रहे 20-20 हजार रुपए के इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर गत 24 अप्रैल को राजाखेड़ा थाने पर रिपोर्ट मिली थी।जिसमें पिता ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ दिनेश ने रेप किया और आठ महीने का गर्भ ठहर जाने के बाद नाबालिग पुत्री को दवा दिलाने का झांसा देकर नाबालिग का शमशाबाद ले जाकर गर्भपात करा दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी दिनेश को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जो न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है। वहीं पुलिस ने मामले में दो माह से वांछित चल रहे 20-20 हजार रुपए के इनामी आरोपी केशव पुत्र राजवीर सिंह निवासी आगरा और गुड़िया पत्नी कुम्हेर निवासी आगरा को डीएसटी टीम के कांस्टेबल अश्विनी पचौरी की सूचना पर राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के छीतापुरा मोड़ से घेराबंदी कर पकड़ा है। कार्रवाई करने वाली टीम में राजाखेड़ा थानाधिकारी वीर सिंह के साथ हेड कांस्टेबल डीएसटी दीनदयाल, माखन सिंह, अश्वनी पचौरी, नेत्रपाल, महिला कांस्टेबल पूनम, सुरेश, अमित शर्मा, वासदेव आदि मौजूद रहे।



### मेले की रौनक

भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज का मेला आगामी 13 जुलाई से शुरू होगा ऐसे में अभी से बच्चों के खेल खिलौना फिरकनी, गुब्बारे आदि की बिक्री के लिए लोग बाजार में नजर आने लगे हैं । हमारे फोटोग्राफर राहुल कुमार ने अलवर शहर के मुख्य स्थल घंटाघर से मेले में बिकने वाली फिरकी की तस्वीर कुछ इस अंदाज में ली है।

राहुल कुमार

# आईटीआई प्रवेश की अंतिम तिथि आज

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)** । राजकीय आईटीआई में एनसीवीटी योजना के तहत फिटर, इलेक्ट्रिशयन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक व्यवसाय में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अधीक्षक शुभि मिश्रा ने बताया कि आईटीआई में प्रवेश लेने वाले अभ्यार्थी 10 जुलाई तक अपने आवेदन एसएसओ आईडी या ई - मित्र के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। राजकीय आईटीआई में महिला अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि आईटीआई में प्रवेश के लिए 10वीं पास अभ्यार्थी 2 वर्षीय ट्रेड में प्रवेश लेने और अंग्रेज़ी भाषा की परीक्षा पास करने और विज्ञान वर्ग से 12वीं पास के समकक्ष मान्य है।

# लग्जरी गाड़ियां लेकर हॉस्टलो से मोबाइल चोरी करने वाला हाई-प्रोफाइल चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किराये पर अलग-अलग लग्जरी गाड़ियां लेकर हॉस्टलो से मोबाइल चोरी करने वाला हाई-प्रोफाइल चोर को गिरफ्तार किया है । पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित ने छह बार वारदात कर दो दर्जन से ज्यादा मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। साथ ही आरोपी के पास से चोरी किए गए सौलह मोबाइल बरामद किए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किराये पर अलग-अलग लग्जरी गाड़ियां लेकर हॉस्टलो से मोबाइल चोरी करने वाले हाई-प्रोफाइल चोर पवन बिजारणियां निवासी धोद जिला सीकर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी किए गए सौलह मोबाइल बरामद किए है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपित रेन्टल ब्रोकरों से लग्जरी वाहन किराये पर लेता है तथा उसके बाद वाहनों की नम्बर प्लेट बदल लेता था। जिसके बाद जयपुर में गुर्जर की थड़ी के आस पास में काफी बॉयज पीजी होने के कारण अलसुबह के समय इलाके में घूमता रहता था तथा किसी भी पीजी का मैंन गेट खुला देखकर उसके सामने वाहन पार्क कर देता तथा मोबाइल फोन पर बात करता हुआ अन्दर पीजी में चला जाता। गर्मी होने के कारण विद्यार्थी रूम का गेट खोलकर गहरी नींद में सोते रहते है। इसी का फायदा उठाकर अल सुबह आरोपी आसानी से मोबाइल उठाकर पी जी से बाहर आ जाता तथा पूर्व से पार्क की हुई अपनी किराये की गाडी लेकर चला जाता था। गाडी के नम्बर सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के डर से असल नम्बर प्लेट हटा लेता था। मोबाइलों को ले जाकर सीकर में अलग-अलग स्थानों पर औने पौने दामों में बेच देता है और मिले रुपयों से लग्जरी लाइफ के शौक पूरा करता।

# पुलिस टीम पर फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

## डेढ़ साल पहले की थी वारदात, डीएसटी और पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (नि.स.)।** पुलिस पर फायरिंग करने के फरार चल रहे आरोपी को डीएसटी टीम के साथ सर मथुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ 21 जनवरी 2023 को मध्य प्रदेश के श्योपुर से हुए अपहरण के मामले में दबिश के लिए गई पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। सरमथुरा थाना प्रभारी गौरव कुमार सेन ने बताया कि मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले से हुए अपहरण के मामले में डेढ़ वर्ष पूर्व बाड़ी सदर थाना पुलिस के साथ मध्य प्रदेश पुलिस भैरव बाबा मंदिर के पास दबिश के लिए गई थी। पुलिस को देखकर बदमाशों ने जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी थी। जिसके बाद बदमाश भाग निकले घटना को लेकर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद से ही आरोपी लोकेंद्र उर्फ लोकू (47) पुत्र खुआराम गुर्जर निवासी सोने का गुर्जा फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि फायरिंग का आरोपी मानपुर मोड सोने का गुर्जा के पास खड़ा हुआ है। जिस सूचना पर डीएसटी टीम के साथ पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही हैं। जिसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## वित्त निगम द्वारा एकमुश्त निपटारा योजना चालू

# निगम एनपीए खातों में शत-प्रतिशत ब्याज की छूट देते हुए 30-85 प्रतिशत मूलधन वसूलीकर खातों का करेगा निपटारा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** राजस्थान वित्त निगम के तत्वाधान में गैर निष्पादित खातों का एकमुश्त निपटारा करने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटारा योजना चालू की गई है। शाखा प्रबंधक आर. एन. मिश्रा ने बताया कि राजस्थान वित्त निगम प्रशासन द्वारा गैर निष्पादित खाताधारकों का नियमानुसार न्यूनतम 30 प्रतिशत एवं अधिकतम 85 प्रतिशत मूलधन राशि प्राप्त कर, खातों के एक मुश्त निपटारा करने हेतु आकर्षक एवं लाभकारी योजना 11 जून 2024 से चालू है।

उन्होंने बताया कि इस योजना में 2000 पंजीयन शुल्क एवं 5 प्रतिशत मूलधन बतौर अपफ्रंट राशि जमा करवाकर खातों का पंजीयन करवाया जा सकता है तथा इस योजना में एकमुश्त राशि 45 दिवस में जमा करवाने हेतु समयावधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जो उद्यमी एकमुश्त निपटारा राशि जमा करवाने में कठिनाई महसूस करते हैं, ऐसी उद्यमियों को 12 मासिक किश्तों में भुगतान करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति या जनजाति, विक्लांग, एक्स-सर्विसमेन एवं बीपीएल कार्डधारक को देय पंजीयन शुल्क 2000 में शत-प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि एकमुश्त निपटारा योजना दिनांक 30 सितंबर 2024 तक प्रभावी रहेगी।

शाखा प्रबंधक आर. एन. मिश्रा ने बताया कि उक्त निपटारा योजना के तहत किये समझौते से कोई उद्यमी असंतुष्ट होने की स्थिति में समझौता की सूचना प्राप्ति के 30 दिवस के भीतर दो हजार रुपये पंजीयन शुल्क एवं 5 प्रतिशत मूलधन बतौर अपफ्रंट राशि जमा करवाकर अपील हेतु शाखा कार्यालय में पंजीयन कर सकते हैं तथा शाखा कार्यालय द्वारा अवेदनों को निगम मुख्यालय में प्रबंध निदेशक स्तरीय कमेटी को निस्तारण हेतु अग्रेषित कर दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यालय स्तरीय कमेटी के द्वारा अपील के आवेदनों को निस्तारण कर उद्यमियों को राहत प्रदान की जायेगी।

# कोई काम बुरा नहीं बस हमारी मानसिकता बुरी है : दिनेश भार्गव

बढ़ता राजस्थान





**अलवर (का.स.)।** काम कोई भी बुरा नहीं होता बशर्ते उसको करने के लिए आदमी का मन और इच्छा शक्ति सामाजिक अच्छाई से भरी हो । यह दो तस्वीर आप देख रहे हैं यह अलवर के तीज की शमशान घाट की है जहां बारिश के पानी भरा होने से अंत्येष्टि करने वाले लोगों को खासी परेशान का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मंगलवार को प्रमुख समाज सेवी दिनेश भार्गव किसी जानकार मिलने वाले की अंतिम यात्रा में शामिल हुए वहां जाकर उन्होंने देखा कि पूरा शमशान घाट तालाब बना हुआ है। उन्होंने किसी का इंतजार नहीं किया एक लकड़ी ली और पानी की नाली जो कि कचरे से अटी हुई थी उसे नाली को खोलने में जुट गए 3 से 4 मिनट की मेहनत के बाद पूरा पानी उसे नाली में से होकर निकलने लगा और पूरा एरिया का पानी खाली हो गया। यह तस्वीरें बयां कर रही है कि आदमी की अच्छाई उसके कर्म के निहित होती है लोग ऐसी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाल तो देते हैं लेकिन अपने नागरिक होने के कर्तव्य को पूरा नहीं कर पाते ऐसे में यह पुनीत कार्य कर समाज सेवी दिनेश भार्गव ने समाज को एक संदेश भी दिया है कि हमारा मन अच्छा होना चाहिए, हमारा काम सामाजिक होना चाहिए फिर वह काम कितना भी बुरा क्यों ना हो वह अच्छे में तब्दील हो जाता है।

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान 1571 गर्भवती महिलाओं की खून की जांच कर दिया परामर्श

## आरसीएचओ डॉ. रमेश कारगवाल ने किया 6 स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच के लिए मंगलवार को जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन 82 चिकित्सा संस्थानों पर हुआ। इसमें 1571 गर्भवती महिलाओं की खून की जांच कर स्वास्थ्य परामर्श व दवाईयां दी गई। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि अभियान में गर्भवतियों की ब्लड, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, वजन, लम्बाई सहित अन्य जांचे नि:शुल्क की गई। इस दौरान 103 महिलाओं में प्रसव संबधी जटिलता व उच्च जोखिम की पहचान कर उन्हे चिन्हित किया गया। साथ ही विशेष सावधानियां रखने की हिदायत दी। प्रसव की तैयारी की जानकारी दी गई। साथ ही शिशुओं के स्तनपान, पोषण व टीकाकरण के बारे में बताया। पोष्टिक आयरयुक्त आहार, मिलेट्स लेने की सलाह दी गई। कोटा शहर के चार केन्द्रों पर निजी चिकित्सकों ने भी सेवाएं दी। अभियान को लेकर आरसीएचओ डॉ रमेश कारगवाल ने सांगोद ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर दरा मोरूकलां पीएचसी, खैराबाद ब्लॉक की सीएचसी मोड़क, रामगंमण्डी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी मोड़क गांव, खैराबाद और उप स्वास्थ्य केंद्र कुदायला का निरीक्षण किया। इनमें कुदायला उपस्वास्थ्य केन्द्र के लेबर रूम की जांच की। शेष चिकित्सा संस्थानों (सीएचसी/पीएचसी) पर आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। गर्भवतियों से बात कर सेवाओं का फीडबैक लिया। उन्होने मोड़क एवं रामगंमण्डी सीएचसी और खैराबाद पीएचसी पर कोल्ड चैन पॉइन्ट का भी मुआयना किया। रामगंजमण्डी व मोड़क सीएचसी के प्रसव कक्ष भी जांचे। इस दौरान डीवीएस प्रभारी अली हुसैन अंसारी और दक्षता मेंटर इरशाद मिर्जा भी उनके साथ रहे। सीएमएचओ डॉ सोनी ने बताया कि गर्भवतियों की बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच के लिए यह अभियान महीने में तीन बार 9, 18 और 27 तारीख को अयोजित किया जाता है।

## मध्यम बारिश से कपासन क्षैत्र में किसानों के चेहरे खिले तो आमजन उमस से परेशान

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में मंगलवार दोपहर अचानक मौसम परिवर्तन के बाद हुई मध्यम बारिश से किसानों के चेहरे खिले तो वहीं उमस ने अपने तेवर तीखे किए। जानकारी अनुसार उपखंड क्षैत्र कपासन में मंगलवार दोपहर अचानक मौसम परिवर्तन हुआ एवं मध्यम बारिश शुरू हो गई।जिससे आमजन, राहगीरों सहित ग्रामीणजन आनन फानन में अपने गंतव्य की चल दिए।इधर अचानक मौसम परिवर्तन से हुई मध्यम बारिश से क्षेत्रीय किसानों के चेहरे खिल उठे है।इस मध्यम बारिश से क्षैत्र की मक्का, ज्वार,मूंगफली,सोयाबीन आदि फसलों को फायदा होगा।गोरतलब है कि क्षैत्र में विगत दो तीन वर्षो में बारिश कम होने से क्षैत्र में पेयजल संकट गहराया तथा कृषि एवं पशुपालन करने वाले किसानों के लिए मवेशियों हेतु चारे की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय किसान वर्ग एवं आमजन को मूसलाधार बारिश का इंतजार है।जिससे पेयजल संकट का निराकरण होने के साथ किसान वर्ग को कृषि कार्य में पर्याप्त जलापूर्ति होकर राहत मिल सकेगी।

## कोटा नगर निगम की बैठक 12 को, एजेंडा तय नहीं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** नगर निगम उत्तर की बोर्ड बैठक 12 जुलाई को होनी है लेकिन अब तक एजेंडा तय नहीं है। पार्षद अपने वार्डों की समस्याएं उठाएंगे। इसके अलावा बैठक के प्रमुख विषयों को लेकर जानकारी नहीं है। उत्तर निगम की बजट बैठक फरवरी में हुई थी। उसके बाद अब साधारण सभा की बैठक होनी है, जिसमें शहर के प्रमुख मुद्दों को लेकर चर्चा होनी हैं। अभी तक एजेंडा ही तय नहीं किया गया है। बैठक राजीव गांधी प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में महापौर मंजू मेहरा की अध्यक्षता में होगी। पार्षदों का कहना है- नियमानुसार बोर्ड बैठक की तारीख तय होने के बाद उसका एजेंडा तय किया जाता है। एजेंडे की प्रति सभी पार्षदों को 7 दिन पहले भेजी जाती है। उसके साथ ही पिछली बोर्ड बैठक की पालना रिपोर्ट दी जाती है, जिससे पार्षद उन विषयों पर तैयारी करके आ सकें। उसके बाद ही बैठक में उन विषयों पर चर्चा की जाती है। बैठक की तारीख और समय तो तय हो गया लेकिन बैठक में जिन विषयों पर चर्चा की जानी है वह अभी तक तय नहीं हुई है। नगर निगम कोटा उत्तर के नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा ने बताया कि बोर्ड बैठक तो 12 तारीख को तय की गई है लेकिन अभी तक उसका एजेंडा जारी नहीं हुआ है जबकि 7 दिन पहले एजेंडा जारी होता है। बिना एजेंडे के बैठक में किन विषयों पर चर्चा होगी।

## झालरापाटन मेघवाल समाज के ब्लॉक अध्यक्ष का सम्मान समारोह संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन( नि.स. )।** मेघवाल समाज छात्रवास नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत और सम्मान किया और सामाजिक बिंदुओं पर विचार किया गया ।सर्वप्रथम संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर प्रोफेसर कमलेश कुमार ने स्वागत उद्बबोधन प्रस्तुत करते हुए मेघवाल समाज व्याप्त कुर्तियां को गंभीरता से लेते हुए दूर करने के निर्देश दिए । प्रत्येक ब्लॉक अध्यक्ष ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये। जिला अध्यक्ष भागीरथ द्वारा सभी ब्लॉक अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया । इसके बाद जिला अध्यक्ष भागीरथ ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष के बाद अब पंचायत अध्यक्ष फिर गांव अध्यक्ष बनाकर समाज को एक पायदान पर खड़ा करने का कार्य करेंगे। चौथमल सिंघम ने बताया कि इसी सत्र में 80प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण होने वाले अत्यंत निर्धनतम छात्रों को उच्च शिक्षा एवं डिप्लोमा के लिए एक कमेटी की गठित की गई जिससे समाज के लोग फंड एकत्र कर निर्धन परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा और कोचिंग दिलायंगे ताकि बच्चे आगे अपनी पढ़ाई कर सके । राजस्थान सरकार के नियम अनुसार मृत्यु भोज के संबंध में निर्णय लिया गया ।प्रत्येक ब्लॉक अध्यक्ष को संबंधित व्यक्ति को सूचित कर अगर नही मानता तो उपखंड अधिकारी को संबंधित व्यक्ति के खिलाफ द्बद्बह्ल रिपोर्ट दर्ज कराई जाएंगी और भी सामाजिक कार्यों के लिए विचार विमर्श किया गया और जिला अध्यक्ष भागीरथ वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया । समाज के गंणमान्य लोग आदि उपस्थित रहे।

## सुचारू ट्रैफिक संचालन में बाधक बन रहे अतिक्रमण हटाएं

# नगर निगम एवं पुलिस मिलकर करे कार्यवाही : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे अतिक्रमण एवं सड़क पर खड़े रहने वाले थड़ी-ठेलों को सड़क सीमा से हटाकर आवागमन में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस एवं कोटा विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण रोधी दस्ते को ट्रैफिक में बाधक बन रहे अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का कार्य नियमित रूप से हो एवं नगर निगम पुलिस जाप्ते की मदद से यातायात में बाधक बन रहे थड़ी एवं ठेलों को हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान वीडियो ग्राफी करवाई जाए एवं नगर निगम की टीम ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एक हद तय कर पीली लाइन खींच दें ताकि वहां से आगे कोई भी थड़ी या ठेले वाला नहीं आए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण रोधी दस्ता प्रतिदिन फील्ड में जाए और नियमित रूप से कार्रवाई करे। बार-बार अतिक्रमण करने वालों के सामान की जब्ती एवं चालान बनाने की कार्यवाही भी की जाए। जिला कलक्टर ने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि ऐसे बिंदु चिन्हित किए जाएं जहां अतिक्रमण से यातायात में बाधा उत्पन्न होती है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सबसे पहले रेलवे स्टेशन रोड से शुरू की जाए जहां ट्रैफिक जाम की निरंतर शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने परिवहन विभाग को कोचिंग छात्रों एवं यात्रियों से अधिक किराया वसूल करने वाले ऑटो चालकों एवं बैटरी रिक्शा चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेंड आदि पर रेंडम चैकिंग की जाए ताकि अधिक किराया वसूलने वाले ऑटो चालकों को पाबंद किया जा सके। उन्होंने नयापुरा चौराहा पर निजी ट्रैवल्स की बसों के काफी देर तक खड़े रहने एवं उससे आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए इन बसों को निर्धारित किशोर तालाब स्थित नए बस स्टेंड पर खड़ी करने के लिए पाबंद किया जाए। उन्होंने कहा कि निजी ट्रैवल्स बसों का नयापुरा चौराहे पर सवारी लेने के लिए दो मिनट से अधिक का स्टॉपेज नहीं हो। बैठक में शहर पुलिस अधीक्षक डॉ अमृता दुहन, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर कृष्णा शुक्ला आयुक्त नगर निगम दक्षिण सरिता, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी डीएस सागर, पुलिस उपाधीक्षक यातायात कमल प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक यूआईटी लोकेंद्र पालीवाल, एडीसी नगर निगम उत्तर भावना शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। दोनों बाइक पर सवार होकर कोटा आ रहे थे, तभी रास्ते में डीसीएम नहर की पुलिया के पास बाइक ट्रक से टकरा गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

बाइक सवार दोनों मृतक बुजुर्ग थे, जो कैथून के निवासी थे और कोटा आए थे। इसी दौरान डीसीएम नहर की पुलिया के पास एक ट्रक से उनकी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि बाइक पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए।

उद्योग नगर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत के अनुसार दुर्घटना शाम के समय हुई है। ट्रक डीसीएम से रायपुर की तरफ जा रहा था, जिसमें सीवरेज के उपयोग में आने वाले सीमेंट के बड़े पाइप रखे हुए थे। बाइक सवार बुजुर्ग स्लीप लेन की तरफ से आ रहे थे, तभी पीछे से ट्रक से बाइक टकरा गई।

थाना अधिकारी के अनुसार दोनों मृतकों की शिनाख्त कैथून निवासी 60 वर्षीय कैलाश चंद्र पुत्र बालाबक्श और उनकी मां 83 वर्षीय हरजोत के रूप में हुई है। मृतक कैलाश चंद्र के पुत्र कैथून में नहीं थे। ऐसे में उन्हें सूचना दी गई ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

## बिजली कटौती से नाराज महिलाओं ने बूंदी रोड को किया जाम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बूंदी जिले के लाखेरी उपखंड क्षेत्र के उतराना गांव में बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने बूंदी रोड पर जाम लगा दिया। ग्रामीण महिलाओं के अनुसार बिजली की समस्या पिछले 7 महीने से बनी हुई है और समस्या के समाधान के लिए उपखंड अधिकारी को भी तीन बार शिकायत दर्ज करवा दी गई है। इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। बिजली नहीं आने के कारण छोटे बच्चे रात भर परेशान रहते हैं, जिसको लेकर मंगलवार सुबह ग्रामीण महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा और लाखेरी- बूंदी रोड पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश के बाद जाम को हटवाया और मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार उतराना इलाके में पिछले 7 माह से 24 में से महज 5-6 घंटे ही बिजली मिल रही है। शिकायत के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है।

## फायरिंग के आरोपियों को पुलिस ने सड़कों पर पैदल घुमाया

### लोगों में बदमाशों का डर खत्म करने की कवायद



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सुकेत थाना इलाके में फायरिंग के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दो बदमाशों का इलाके में जुलूस निकाला। बदमाशों को पुलिस घेरे में शहर की सड़क पर घुमाया ताकि लोगों में बदमाशों की दहशत खत्म हो सके। सुकेत इलाके में चार जुलाई को यासिर खान पर फायरिंग की वारदात हुई थी। यासिर अपने मजूदर के साथ कोटा रोड फैक्ट्री से जुल्मी रोड की तरफ जा रहा था। इसी दौरान विनोद योगी और तौकिर ने उसे रोका और फायरिंग कर दी थी। गोली यासिर के पैर में लगी थी। वारदात के दोनों आरोपी फरार हो गए थे।

मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबिरों की सूचना और तकनीकी अनुसंधान के बाद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों का सुकेत इलाके में जुलूस निकाला। दोनों को घटनास्थल तक पैदल लेकर पुलिस गई और घटनास्थल की तस्दीक करवाई। पुलिस के अनुसार का खौफ लोगों के मन में खत्म करना जरूरी है।

## राजनीतिक दबाव तले जर्जर शौचालय को ध्वस्त नही कर उदासीनता धारण करने से आमजन में नगर पालिका प्रशासन की हो रही किरकिरी

### नपा पार्षद द्वारा अवगत कराने के बाद भी आमजन गंदगी एवं अस्वच्छता से परेशान





बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजनीतिक दबाव के चलते नगर पालिका पार्षद द्वारा अवगत कराने के बाद भी जर्जर शौचालय को ध्वस्त करने की कार्यवाही नही होने से आमजन में नगर पालिका प्रशासन की किरकिरी बनी हुई है।जानकारी अनुसार नगर कपासन के बस स्टेंड स्थित एक पुराना शौचालय क्षतिग्रस्त होकर पूर्णतया जर्जर अवस्था में है।जिसको लेकर स्थानीय नगर पालिका पार्षद सुनीता शर्मा द्वारा नगर पालिका प्रशासन को बोर्ड बैठक में अवगत कराया गया।ताकि जर्जर शौचालय से कोई दुर्घटना ना हो सके।

गोरतलब है कि इसके उपरांत भी नगर पालिका कपासन प्रशासन उक्त शौचालय को ध्वस्त करने की कार्यवाही में उदासीनता धारण किए बैठा है।जिसके चलते आमजन की चर्चाओं में नगर पालिका प्रशासन की किरकिरी बनी हुई है।बहरहाल नगर कपासन के बस स्टेंड स्थित जर्जर शौचालय को ध्वस्त करने की मांग को लेकर क्षेत्रीय महिला पुरुषो द्वारा मंगलवार को नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में बताया कि नगर कपासन के बस स्टेंड स्थित पुराना शौचालय पूर्णतया जर्जर अवस्था में है।नगर पालिका के बाहर आधुनिक शौचालय का निर्माण होने के बाद उक्त जर्जर शौचालय का उपयोग नही रहा।यहां नगर के बस स्टेंड पर हर समय सेकडो लोगो का आवागमन बना रहता है।ऐसे में उक्त जर्जर शौचालय से यहां हर समय गंदगी एवं अस्वच्छता का माहौल तथा दुर्घटना का भय बना रहता है।साथ ही यहां फुटपाथ पर रोजगार करने वालो सहित राहगीरों एवं ग्रामीणों को दुर्गंध एवं गंदगी का सामना करना पड़ता है। इधर नगर पालिका कपासन के वाशिंदों द्वारा जर्जर शौचालय को ध्वस्त करने की मांग को लेकर सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि नगर पालिका कपासन पार्षद सुनीता शर्मा द्वारा नपा बोर्ड बैठक में अवगत कराने के उपरांत भी नगर पालिका प्रशासन राजनेतिक दबाव के चलते उक्त शौचालय को ध्वस्त करने की कार्यवाही को अमल में नही ला पा रहा है।जबकि उक्त गंदगी एवं अस्वच्छता वाले हालात नगर पालिका बाहर स्थल के ही है और पालिका प्रशासन उदासीनता धारण किए बैठा है। जिससे क्षेत्रीय आमजन में रोष व्याप्त है।

## डोडा चूरा नष्टीकरण से पूर्व मुआवजे की मांग को लेकर अफीम उत्पादक किसानों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

### अफीम किसानों द्वारा 1500 रू किग्रा से मुआवजा देने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय अफीम उत्पादक किसानों द्वारा डोडा चूरा नष्टीकरण से पूर्व मुआवजे की मांग को लेकर मंगलवार को उपखंड कार्यालय कपासन के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।जिसमे अफीम किसानों द्वारा 1500 रु किग्रा मुआवजे की मांग की गयी है।

इधर आबकारी कार्यालय की ओर से क्षेत्र में डोडा चूरा नष्टीकरण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।जिसके तहत आबकारी विभाग द्वारा क्षेत्रवार अलग-अलग समूह बनाकर कार्यक्रम जारी कर दिया गया हैं।जिसमें गत 5 सालों का डोडा चुरा नष्ट किया जाना प्रस्तावित हैं।सरकार के उक्त आदेश को क्षेत्रीय अफीम किसान वर्ग ने अव्यवहारिक बताया तथा डोडा चूरा मुआवजे की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुवे नायब तहसीलदार राधाकिशन विजयवर्गीय एवं आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमे बताया कि वर्तमान में अफीम खेती बहुत खर्चीली है।अफीम उत्पादन की लागत भी अधिक हैं।

डोडा चूरा को बिना क्रय मूल्य के नष्टीकरण किया जाना प्रस्तावित है।वह न्याय संगत नही है एवं किसान के श्रम मूल्य के साथ कुठाराघात है।अफीम उत्पादन के लागत मूल्य की पूर्ति हेतु अफीम काश्तकारों को डोडा पोस्त 1500 रू प्रति किलो की दर से मुआवजा दिया जाकर नष्टीकरण की कार्यवाही करने की मांग की गयी है।बताया की आबकारी विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में विगत 5 वर्षों की डोडा पोस्त का निस्तारण कराया जाना सूचित है।

जबकि काश्तकारों के पास भंडारण एवं रख-रखाव व्यवस्था का अभाव होने के कारण अधिकांश डोडा पोस्त सड़ गल चुका है या निस्तारित हो चुका है।डोडा चूरा निस्तारण कार्यवाही को अफीम किसानों द्वारा व्यावहारिक बनाया जाने की मांग की गई हैं। ज्ञापन प्रक्रिया दौरान लक्ष्मीनारायण भट्ट, ओमप्रकाश गौड़,सोहनलाल गौड़, गोविंदप्रसाद भट्ट, जगन्नाथप्रसाद भट्ट,पृथ्वीराज जाट चतुर्भुजपूरा, किशन खारोल तस्वारिया,सोहन जाट बाबरिया खेड़ा, किशन जाट लाखाखेड़ा, गोपाल सुथार, लक्ष्मीनारायण गौड़ धमाणा,उदयराम जाट देवरिया, लहरु जाट चोखाखेड़ा,देवीलाल भट्ट,सुनील व्यास, लोकेश जाट,रतन सुखवाल,जगदीश जाट आदि अफीम किसान उपस्थित रहे।

## सुभाष चंद्र नंदवाना ने बालारड़ा विद्यालय में उप प्रधानाचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के निर्देशानुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवसृजित उप प्राचार्य पद पर नवीन नियुक्ति प्रदान की गई।जिसमे सुभाषचन्द्र नन्दवाना द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर से कार्य मुक्त होकर ब्लॉक क्षैत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालारड़ा में उप प्रधानाचार्य के पद पर कार्य ग्रहण किया गया। इस दौरान पूर्व विद्यालय सिंहपुर प्रधानाचार्य आनन्द कुमार दीक्षित,उपप्राचार्य सुरेश कुमार सुरेडिया,वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक द्वारिकाप्रसाद गदिया,कम्प्यूटर अनुदेशक नवीन कुमार शर्मा एवं बन्शीलाल खटीक बालारड़ा, स्थानीय विद्यालय के सुखलाल चौधरी,अम्बिकाप्रसाद जायसवाल, युवराज,विजय, नारायणलाल जाट,प्रधानाध्यापक राजकीय विद्यालय काछिया खेड़ी संस्था प्रधान राजेन्द्र कुमार चाष्टा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालारड़ा उप प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र नंदवाना राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त है।

जिससे विद्यालय आने वाले समय में शैक्षिक एवं भौतिक विकास में नवीन ऊंचाइयां प्राप्त करेगा।

# राजस्थान के 22 जिलों में होगी बारिश : पांच जिलों में भारी बरसात की चेतावनी; एसएमएस हॉस्पिटल के वार्ड में पानी भरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के 22 जिलों में बारिश की संभावना है। इनमें से 5 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। अगले तीन दिन कम बारिश होने के आसार हैं। इससे पहले सोमवार को जयपुर, सवाई माधोपुर जिलों में करीब 4 इंच तक बरसात हुई। तेज बारिश के कारण जयपुर शहर की सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया। सवाई माधोपुर में भी तेज बारिश के बाद सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। जैसलमेर, जोधपुर, नागौर आदि जिलों में भी अच्छी बारिश हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात जयपुर के कालवाड़ एरिया में 93 एमएम दर्ज हुई। जयपुर के जमवारामगढ़ एरिया में 58 एमएम और रामगढ़ एरिया में 38 एमएम बरसात हुई। सवाई माधोपुर के मलारना डूंगर में 83 एमएम, खंडार में 40 एमएम, चौथ का बरवाड़ा में 62 एमएम बारिश हुई। जयपुर शहर में सोमवार को तेज बारिश के बाद एसएमएस हॉस्पिटल के रेडियोथेरेपी वार्ड में पानी भर गया।

### जैसलमेर के सम में 2 इंच बारिश, गर्मी से राहत

पश्चिमी राजस्थान में बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को सोमवार को राहत मिली। जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर के एरिया में मंगलवार देर शाम अच्छी बारिश हुई। जैसलमेर के सम में 52रूरू बारिश दर्ज हुई। फतेहगढ़ में 17रूरू बारिश होने से यहां के लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। नागौर के कुचामन में 54रूरू, मकराना में 22, बाड़मेर के सिंधड़ी में 51 और बीकानेर के नोखा में 28रूरू बरसात हुई। बारिश के चलते इन शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

### इन जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम केन्द्र जयपुर की ओर से मंगलवार को सिरोही, पाली, उदयपुर, बांसवााड़ा, डूंगरपुर में कहीं-कहीं भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। जालोर, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, कोटा, बूंदी, झालावाड़, जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं और अजमेर में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। 10 से 12 जुलाई तक राजस्थान में बारिश का अलर्ट नहीं है।



## हरियाणा में लिव इन पार्टनर के बच्चे की हत्या : शराबी युवक ने दीवार पर पटक-पटककर मारा; दूसरे को फर्श पर पटका, हालत गंभीर

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में लिव इन पार्टनर ने शराब के नशे में महिला के 2 बच्चों पर हमला कर दिया। उसने 7 साल के बच्चे को दीवार पर पटक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। दूसरे बच्चे को उठाकर फर्श पर पटक दिया। वह गंभीर रूप से घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी विनीत चौधरी शराब के नशे में बच्चों के पास आया। जिसके बाद उसका बच्चों से विवाद हो गया और उसने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला के पति की मौत हो चुकी है। जिसके बाद वह इस युवक के साथ लिव इन में रह रही थी। वह अक्सर शराब पीकर दोनों बच्चों से मारपीट करता रहता था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुग्राम पुलिस के मुताबिक रविवार देर रात राजेंद्र पार्क थाना पुलिस को इस मामले की सूचना मिली। जिसमें बताया गया कि एक प्राइवेट अस्पताल में 7 साल के बच्चे प्रीत और 9 साल के मानू को भर्ती कराया गया था। इनमें से प्रीत की मौत हो चुकी है। जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची।

पुलिस को दिए बयान में घायल बच्चे और उसके दादा ने बताया कि वह गुरुग्राम के टेकचंद नगर में अपने परिवार के साथ रहते है। दादा ने बताया कि उनके बड़े बेटे विजय कुमार का 2023 में निधन हो गया। इसके बाद उनकी बहू राजेंद्र पार्क आ गई। एक हफ्ते पहले उसने यहां किराए पर कमरा लिया था। जहां वह अपने दोनों बच्चों समेत एक व्यक्ति के साथ रहने लगी।

मां को पता चला तो दौड़ी-दौड़ी आई

पुलिस के मुताबिक महिला मंजू ने बताया कि उसे जैसे ही बच्चों के साथ मारपीट किए जाने की जानकारी मिली तो वह तुरंत घर की ओर दौड़ पड़ी। घर पहुच कर मंजू ने बच्चों को गंभीर हालत में पड़ा देखा। उसने तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से मानू और प्रीत को अस्पताल ले गए।

## शहीद अंशुमान की मां राहुल से बोलीं- अग्निवीर बंद हो

### 3 दिन पहले कीर्ति चक्र मिला; राहुल ने रायबरेली के हनुमान मंदिर में पूजा की

**रायबरेली।** राहुल गांधी ने रायबरेली में कीर्ति चक्र से सम्मानित कैप्टन अंशुमान सिंह के माता-पिता से मुलाकात की। मंगलवार को भुएमऊ गेस्ट हाउस में उनके साथ चाय पी। राहुल ने कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं। करीब 40 मिनट तक शहीद के परिवार से बात की। राहुल से मिलने के बाद शहीद कैप्टन की मां मंजू ने कहा- अग्निवीर योजना बंद होनी चाहिए। यह योजना सैनिकों के लिए सम्मानजनक नहीं है। इसको लेकर राहुल ने पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया। उम्मीद है कि जब वो सत्ता में आएंगे, तो इस पर विचार करेंगे। 3 दिन पहले शहीद की पत्नी स्मृति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कीर्ति चक्र मिला था। मंगलवार सुबह 10 बजे राहुल लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरे। सड़क मार्ग से रायबरेली पहुंचे। रास्ते में रुककर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में 15-20 मिनट तक रुके। राहुल ने वोटिंग के दिन 20 मई को भी इस मंदिर में पूजा की थी। 5 दिन में राहुल का यह दूसरा यूपी दौरा है। 3 जुलाई को राहुल हाथरस गए थे। उन्होंने हाथरस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की थी।

### रास्ता रोककर राहुल को किसानों ने सुनाया दर्द

लखनऊ के मोहनलालगंज में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी के काफिले को रोक दिया। राहुल ने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। वे रायरबरेली से लखनऊ एयरपोर्ट लौट रहे थे। किसानों का आरोप है- नगर निगम, एलडीए और राजस्व विभाग की मिलीभगत से जमीन पर कब्जा कर किया जा रहा है। इससे पहले रायबरेली इंड्रस्टी एसोशिएशन के डेलिगेशन ने भी राहुल गांधी से मुलाकात कर अपनी समस्या गिनाई हैं।

## 'राहुल गांधी को संसद के अंदर बंद करके मारने चाहिए थप्पड़', भाजपा विधायक के विवादित बयान पर बवाल

**नई दिल्ली।** भाजपा विधायक भरत शेट्टी ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी को उनकी कथित हिंदू विरोधी टिप्पणियों के लिए संसद में बंद कर देना चाहिए और थप्पड़ मारना चाहिए। बीजेपी नेता लोकसभा में राहुल गांधी के हिंदू समुदाय को लेकर दिए गए हालिया भाषण के खिलाफ मंगलुरु में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल ने कहा था कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं वे केवल हिंसा, नफरत और झूठ के बारे में बात करते हैं।

शेट्टी ने एक विरोध मार्च को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज वह है जो शास्त्रों का उपयोग करना उतना ही जानता है जितना वह शास्त्रों (हथियारों) पर विश्वास करता है। लेकिन, हम इसका उपयोग करने में निष्क्रिय हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राहुल गांधी सभी हिंदुओं को इनका इस्तेमाल करने के लिए जागृत करने की कोशिश कर रहे हैं. कभी-कभी मुझे लगता है कि अच्छा होता कि कोई उन्हें संसद के अंदर बंद कर देता और दो थप्पड़ मार देता। इस कार्रवाई से सात से आठ एफआईआर दर्ज होंगी। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि यदि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलुरु शहर आते हैं, तो हम उनके लिए यही व्यवस्था करेंगे। मुझे समझ नहीं आता कि उसे इतनी हिम्मत कहां से मिलती है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथ में हिंदू भगवान शिव की तस्वीर है। वहीं, कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री रामनाथ राय ने विधायक भरत शेट्टी को कड़ी चुनौती देते हुए कहा, अगर भरत शेट्टी में साहस और ताकत है, तो वह हमारे आम कार्यकर्ता पर हाथ डालें।

# कठुआ में उत्तराखंड के 5 जवान शहीद

## परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल

बढ़ता राजस्थान

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सोमवार को हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के 5 जवान शहीद हो गए। एक साथ उत्तराखंड के पांच बेटों की शहादत से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचों जांबाजों की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

### ये हुए शहीद

इस आतंकी हमले में पौड़ी जिले के ग्राम धामदार निवासी राइफलमैन अनुज नेगी ने बलिदान दिया। इनके अलावा टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह, पौड़ी जिले के कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी, रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह, लैंसडौन निवासी हवलदार कमल सिंह शहीद हुए।

### शहीद के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल

हमले में शहीद होने के बाद पूरे उत्तराखंड में यह खबर आग की तरह फैल गई। शहीद परिवारों में सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। शहीदों के घरों में लगातार आसपास के लोग पहुंच रहे हैं और शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

### तीन भाई-बहनों में इकलौते भाई थे विनोद

शहीद विनोद सिंह भंडारी मूल रूप से टिहरी के रहने वाले थे। लेकिन 8 साल पहले उनका परिवार डोईवाला के अठूरवाला में शिफ्ट हो गया था। विनोद सिंह भंडारी तीन बहनों में इकलौते भाई थे। उनकी शहादत से पूरे परिवार में दुख की लहर है। लेकिन उन्हें गर्व है कि उनके बेटे ने देश के लिए बलिदान दिया है।



आदर्श नेगी शहीद | आनंद सिंह शहीद | विनोद सिंह शहीद | कमल सिंह शहीद | अनुज नेगी शहीद

### आदर्श ने जीआईसी पिपलीधार से की थी पढ़ाई

कीर्तिनगर के आदर्श नेगी (26 वर्ष) 2018 में सेना में भर्ती हुए थे। आदर्श के पिता दलबीर सिंह नेगी गांव में ही रहते हैं और खेती-बाड़ी का काम करते हैं। आदर्श ने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज पिपलीधार में की थी। जिसके बाद क्क्ह्यष्ट के दूसरे साल में सेना में भर्ती हो गए थे। आदर्श के तीन भाई बहन हैं जो उनसे छोटे हैं।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जताया शोक

सीएम ने X पर लिखा- कठुआ जम्मू कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले के दौरान उत्तराखंड के 5 वीर-जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ा का क्षण है क्योंकि हमने भाई और बेटा भी खोया है। हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मां भारती की रक्षा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध आपका यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस कायरतापूर्ण हमले के दोषी, मानवता के दुश्मन आतंकवादी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे और इनको पनाह देने वाले लोगों को भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। सैन्यभूमि उत्तराखंड वीर सैनिकों को जन्म देने वाली भूमि है। यहां के जवानों ने सदैव मां भारती की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर अपने राष्ट्रधर्म का निर्वहन किया है।विनम्र श्रद्धांजलि..!

## गाजा में इजरायल का हमला, हमास नेता ने युद्धविराम वार्ता को लेकर किया आगाह



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** हमास के प्रमुख ने कहा कि गाजा पर नए इजरायली हमले ने एक महत्वपूर्ण क्षण में युद्धविराम वार्ता को खतरे में डाल दिया। इजरायली टैंक गाजा शहर के बीचो बीच घुस गए और रात भर भारी बमबारी के बाद निवासियों को बाहर निकलने का आदेश दिया। निवासियों ने कहा कि एन्क्लेव में इजरायली बलों और हमास आतंकवादियों के बीच नौ महीने के संघर्ष में हवाई हमले और तोपखाने की बमबारी सबसे भारी थी।

हजारों लोग भाग गये। यह हमला तब हुआ जब पिछले सप्ताह हमास द्वारा बड़ी रियायतें दिए जाने के बाद वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी इस क्षेत्र में युद्धविराम के लिए दबाव बना रहे थे। उग्रवादी समूह ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि नए आक्रमण का उद्देश्य वार्ता को पटरी से उतारना है और मध्यस्थों से इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर लगाम लगाने का आह्वान किया।

हमास ने नेता इस्माइल हनियेह के हवाले से कहा कि यह हमला बातचीत की प्रक्रिया को फिर से पटरी पर ला सकता है। नेतन्याहू और उनकी सेना इस रास्ते के ढहने की पूरी जिम्मेदारी लेगी। फ़िलिस्तीनी एन्क्लेव के उत्तर में गाजा शहर, अक्टूबर में युद्ध की शुरुआत में इज़राइल के पहले लक्ष्यों में से एक था। लेकिन वहां उग्रवादियों के साथ झड़पें जारी हैं और नागरिकों ने अन्यत्र शरण ले ली है, जिससे विस्थापन की लहरें बढ़ गई हैं। शहर का अधिकांश भाग खंडहर हो चुका है। निवासियों ने कहा कि गाजा शहर के पड़ोस में रात से लेकर सोमवार की सुबह तक बमबारी की गई। उन्होंने बताया कि कई बहुमंजिला इमारतें नष्ट हो गईं। गाजा सिविल आपातकालीन सेवा ने कहा कि उसका मानना है कि दर्जनों लोग मारे गए हैं लेकिन चल रहे हमलों के कारण आपातकालीन टीमें उन तक पहुंचने में असमर्थ हैं। गाजा निवासियों ने कहा कि टैंक सोमवार को कम से कम तीन दिशाओं से आगे बढ़े और हवा और जमीन से भारी इजरायली गोलाबारी के सहारे गाजा शहर के मध्य तक पहुंच गए।

## पतंजलि ने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोकी

### सुप्रीम कोर्ट में जानकारी दी; उत्तराखंड सरकार ने इनके मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस सस्पेंड किए थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बाजार में अपने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोक दी है। उत्तराखंड ने अप्रैल में इन प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस सस्पेंड किए थे। पतंजलि ने मंगलवार (9 जुलाई) को सुप्रीम कोर्ट में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच को बताया कि लाइसेंस रद्द होने के बाद 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर्स को 14 प्रोडक्ट्स वापस लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मीडिया प्लेटफार्म्स से भी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को दो सप्ताह के भीतर एक एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया है। इसमें कंपनी को बताना है कि क्या सोशल मीडिया को-आर्डिनेटर्स ने इन प्रोडक्ट्स के विज्ञापन हटाने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और क्या उन्होंने विज्ञापन वापस ले लिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब 30 जुलाई को होगी।

### कोर्ट ने पूछा था- विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 14 मई को पतंजलि आयुर्वेद से पूछा था कि जिन 14 प्रोडक्ट्स के लाइसेंस कैंसिल किए गए हैं। उनके विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने पतंजलि को एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया था। सुप्रीम कोर्ट पतंजलि के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी इलाज के खिलाफ बदनामी का अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है।

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने यूथ फॉर नेशन की राजस्थान इकाई का उद्घाटन किया

### देश की सुरक्षा, शासन और कल्याण में युवाओं की भागीदारी बढ़े युवा राष्ट्र के नवनिर्माण के संवाहक बनें : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान सर्वोच्च है। यह हमें अधिकार देता है तो कर्तव्य पालन की सीख से भी जोड़ताहै। उन्होंने यूथ फॉर नेशन संगठनसे संविधान-संस्कृति के आलोक में राष्ट्र के नव निर्माण का संवाहक बनने का आह्वानकिया है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है और देश की सुरक्षा, शासन और कल्याण में युवाओं को संकल्पबद्ध होकरभागीदारी बढ़ानी चाहिए।

मिश्र मंगलवारको महात्मा गांधी मेडिकल साईंस एण्ड टेक्नोलोजी यूनिवर्सिटी सभागार में यूथ फॉर नेशन संगठनकी राजस्थान इकाई के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा किराजस्थान में इस संगठन की शुरुआत से यहां के युवाओं को बेहतर ढंग से नियोजित करउनकी ऊर्जा का राष्ट्र निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकेगा। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादीढांचे में युवाओं को महती भूमिका निभाने के साथ विकसितभारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भी कार्य करने कीआवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि भारत एक जीवंत और सहभागी संघीय लोकतंत्र के रूपमें तभी अधिक सुदृढ हो सकेगा, जब युवा राष्ट्र केलिए समर्पित भाव से काम करेंगें। उन्होंने लोकतंत्र के सशक्तिकरण में युवाओं कोआगे आकर पहल करने तथा अधिकारों के साथ संविधान प्रदत्त कर्तव्यों के प्रति भी सजगरहने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कियह बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत की सकल राष्ट्रीय आय-जीडीपी में लगभग 34 प्रतिशत योगदान युवाओं का है। उन्होंने कहा कि इसवर्ग की भागीदारी सकल राष्ट्रीय आय और उत्पादकता बढ़ाने में और कैसे बढ़े, इस पर हमें विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंनेकहा कि युवा पीढ़ी समाज की वर्तमान स्थिति को नवीनीकृत और ताजा बनाए रखने के साथराष्ट्र के संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा किभारत में लगभग 260 मिलियन युवा हैं। इनमें पुरुष और महिलाएं दोनोंशामिल हैं। लगभग 10 से 12 मिलियनयुवा हर साल कार्य करने के योग्य होकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करने के योग्यहो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ है- राष्ट्रीय आर्थिक विकास में युवाओं कीबहुत बड़ी संभावनाएं निहित है। उन्होंने यूथफॉर नेशन जैसे संगठनों को आगे आकर राष्ट्र के सर्वांगीणविकास के लिए नियोजित ढंग से युवाओं को कार्य करने के लिए प्रेरित किए जाने पर जोरदिया। यूथफॉर नेशन के अध्यक्ष पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ.एस. पी.माथुर ने संगठन से जुड़े उद्देश्यों और भविष्य के कार्यों के बारे में जानकारी दी। मिश्र ने आरंभमें यूथ फॉर नेशन संगठनके राजस्थान चेप्टर का उद्घाटन करते हुए युवाओं को संविधान की उद्देशिका और मूलकर्तव्यों का वाचन करवाया।




बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com